

RNI NO-UPHIN/2023/84340

# सबसे तेज प्रयागराज

सब पर नजर, सटीक खबर

नगर संस्करण | hpshukla50@gmail.com | शनिवार, 18 जनवरी 2025 | वर्षः 02, अंकः 334, पृष्ठः 8, मूल्यः 2 रू. | प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

## भारत के ऑटोमोटिव इंडस्ट्री भविष्य के लिए तैयार: मोदी

### पीएम नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को ऑटो एक्सपो का उद्घाटन किया

**नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने** भारत मंडपम में भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 में प्रदर्शनी का अवलोकन किया। पीएम मोदी ने शुक्रवार को ऑटो एक्सपो का उद्घाटन भी किया। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत की ऑटोमोटिव इंडस्ट्री जबरदस्त भी है और भविष्य के लिए तैयार भी है। भारत की ऑटो इंडस्ट्री पिछले साल में लगभग 12% की दर से आगे बढ़ी है। इतनी कई देशों की आबादी नहीं है, जितनी भारत में हर साल गाड़ियां बिक रही हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'भारत आज दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। आप कल्पना करें को जब भारत विश्व की सबसे बड़ी तीन अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होगा, तब भारत का ऑटो मार्केट कहां होगा। विकसित भारत की यात्रा मोबिलिटी सेक्टर की भी अभूतपूर्व विस्तार की यात्रा होने वाली है।' प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कभी भारत में गाड़ियां न खरीदने का एक कारण अच्छी और चौड़ी सड़कों का अभाव था। पिछले वर्ष के बजट में इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास के लिए 11 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा रखे गए थे। आज भारत में मल्टी लेन हाईवे का, एक्सप्रेसवे का जाल बिछ रहा है। इससे पहले पीएम मोदी ने कहा कि पिछली बार जब मैं आपके बीच आया था, तब लोकसभा के चुनाव ज्यादा दूर नहीं थे। उस दौरान मैंने आपके सबके विश्वास के कारण कहा था कि अगली बार भी 'भारत मोबिलिटी एक्सपो' में जरूर आऊंगा। देश ने तीसरी बार हमें आशीर्वाद दिया, आप सभी ने मुझे यहां बुलाया, इसके लिए मैं आप सभी का आभार व्यक्त करता हूं। उन्होंने कहा कि इस वर्ष भारत मोबिलिटी एक्सपो का दायरा काफी बढ़ गया है। पिछली बार 800 से ज्यादा प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, 1.5 लाख से ज्यादा लोगों ने विजिट किया।



### भारत मोबिलिटी दुनिया को भारत की कहानी दिखा रही है: उद्योग मंत्री पीयूष गोयल

**नई दिल्ली**

**केंद्रीय वा**णिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को नई दिल्ली में भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो-2025 के उद्घाटन अवसर पर इसे दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा ऑटोमोटिव शो बताया है। उन्होंने कहा कि प्रोत्साहन, सम्मेलन और प्रदर्शनी (एमआईसीई) इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करने में प्रधानमंत्री के विजन ने परिणाम दिखाना शुरू कर दिया है। गोयल ने कहा कि भारत मोबिलिटी दुनिया को भारत की कहानी दिखा रही है। नवाचार और स्थिरता अब देश में ऑटो उद्योग का फोकस है। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 का उद्घाटन किया।




### केजरीवाल ने किया छात्रों को मुफ्त बस-मेट्रो किराये में रियायत का वादा

**नई दिल्ली**

आम आदमी पार्टी (आआपा) दिल्ली विधानसभा चुनावों के नजदीक आते ही नए-नए वादे कर रही है। इसी क्रम में अब पार्टी का कहना है कि नई सरकार बनने पर वह छात्रों को दिल्ली में बसों में मुफ्त यात्रा और दिल्ली मेट्रो में आधे दाम पर यात्रा की सुविधा देगी। इस संदर्भ में आआपा संयोजक अरविंद केजरीवाल ने प्रधानमंत्री को पत्र भी लिखा है। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर दिल्ली मेट्रो में छात्रों को 50 प्रतिशत किराए में छूट देने की मांग की है। साथ ही किराये में दी जाने वाली छूट को आधा-आधा वहन करने का भी अनुरोध किया है। केजरीवाल ने प्रधानमंत्री को लिखे पत्र में कहा है कि दिल्ली मेट्रो केंद्र और दिल्ली सरकार के 50-50 प्रतिशत सहयोग की परियोजना है। ऐसे में योजना पर होने वाले खर्च को दिल्ली सरकार और केंद्र सरकार को आधा-आधा वहन करना चाहिए।

पत्र में उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार की ओर से छात्रों के लिए बस यात्रा मुफ्त करने की योजना बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमें उम्मीद है कि प्रधानमंत्री इस पर सहमति जताएंगे।

एक पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि हमने दिल्ली के सभी छात्रों को गारंटी दी है कि बस और मेट्रो के किराए का खर्च अब शिक्षा में रुकावट नहीं बनेगा।

### ऑटोमोटिव उद्योग नवाचार और प्रौद्योगिकी संचालित है: पीएम



**पीएम** ने कहा कि ऑटोमोटिव उद्योग नवाचार और प्रौद्योगिकी संचालित है। इनोवेशन हो, टेक हो, स्किल हो या फिर डिमांड, आने वाला समय पूर्व का है, एशिया का है, भारत का है। भारत में मोबिलिटी के भविष्य को लेकर कितनी सकारात्मकता है। आज का भारत आकांक्षाओं से भरा हुआ है, युवा ऊर्जा से भरा हुआ है। यही आकांक्षाएं हमें भारत की ऑटोमोटिव इंडस्ट्री में दिखाई देती है। बीते साल में भारत की ऑटो इंडस्ट्री करीब 12% की ग्रोथ से आगे बढ़ी है। मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड के मंत्र पर चलते हुए अब निर्यात भी बढ़ रहा है। विकसित भारत की यात्रा, मोबिलिटी सेक्टर के भी अभूतपूर्व ट्रांसफॉर्मेशन की, कई गुना विस्तार की यात्रा होने वाली है।

उन्होंने कहा कि मुझे याद है कि मैंने मोबिलिटी से जुड़े एक कार्यक्रम में 7C के विजन की चर्चा की थी। हमारे गतिशीलता समाधान ऐसे हैं, जो आम हो, कनेक्टेड हो, सुविधाजनक हो, भीड़ से मुक्त हो, चार्ज्ड हो, साफ हो और कटिंग एज हो। आज हरित प्रौद्योगिकी, ईवीएस, हाइड्रोजन ईंधन, जैव ईंधन और ऐसी ही प्रौद्योगिकी के विकास पर हमारा काफी फोकस है।

**एचडी कुमारस्वामी ने क्या कहा**

केंद्रीय मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने कहा कि भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 भारतीय ऑटोमोबाइल उद्योग में नवीनतम प्रगति को प्रदर्शित करता है, जिसमें पर्यावरण अनुकूल प्रौद्योगिकी और सस्टेनेबल मोबिलिटी समाधानों पर जोर दिया जाता है।






# इफको फूलपुर रिक्रिएशन क्लब में डी.के.शुक्ल फिर बने सचिव

**मौजी लाल रावत**
**सबसे तेज प्रयागराज**

**फूलपुर। इफको फूलपुर रिक्रिएशन** क्लब का शुक्रवार को चुनाव सम्पन्न हुआ जिसमें डी.के.शुक्ल ने राजीव वर्मा को 89 मतों से पराजित किया। डी.के.शुक्ल को 345 ,राजीव वर्मा को 256 तथा विवेक तिवारी को 88 मत मिले। उपाध्यक्ष पद पर कपिल देव कुमार 74 मतों से विजयी हुए। कपिल देव कुमार को 261, राजीव कुमार शर्मा को 187, आर.आर.पात्रा को 185 तथा अखिलेश चन्द्र यादव को 55 मत मिले। संयुक्त सचिव पद पर बलवंत कृष्ण यादव 84 मतों से विजयी हुए। बलवंत कृष्ण यादव को 386 तथा सुशील कुमार पाण्डेय को 302 मत मिले।




संयुक्त कोषाध्यक्ष पद पर मानिक चंद्र ने विनीत कुमार दुबे को 52 मतों से पराजित किया। मानिक चंद्र को 370 तथा विनीत कुमार दुबे को 318 मत मिले। कार्यकारिणी सदस्य पद पर सतेन्द्र यादव, शिशि कांत मिश्र, रामबाबू जयसवाल निर्वाचित हुए।

चुनाव अधिकारी ए.के.श्रीवास्तव ने चुनाव शांति पूर्ण सम्पन्न होने पर सभी कर्मचारियों की सराहना की। मौके पर इफको फूलपुर के वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक (इकाई प्रमुख) संजय कुदेशिया, विभागाध्यक्ष मानव संसाधन शम्भू शेखर, इफको ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अनुराग तिवारी व महामंत्री स्वयम् प्रकाश, इफको इम्पलाइज संघ के अध्यक्ष पंकज पाण्डेय व महामंत्री विजय कुमार यादव ने जीते हुए सभी प्रत्याशियों को बधाई व शुभकामनाएं दी।

## बिन्दकी पुलिस द्वारा 6 वारंटी अभियुक्त दबोचे गए




**सबसे तेज प्रयागराज**
**फतेहपुर। पुलिस अधी**क्षक फतेहपुर धवल जायसवाल के निर्देशन में वांछित/वारण्टियों की गिरफ्तारी व अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में शुक्रवार को थाना बिन्दकी पुलिस द्वार 6 वारण्टी अभियुक्तगण राशिद पुत्र जामिन अली निवासी फरीदपुर थाना बिन्दकी फतेहपुर, पप्पू पुत्र जामिन अली निवासी फरीदपुर थाना बिंदकी जनपद फतेहपुर, ननका पुत्र अच्छन निवासी जीत का पुरवा मजरे गौरी थाना बिंदकी जनपद फतेहपुर, राम सिंह पुत्र रघुवीर निवासी जीत का पुरवा मजरे गौरी थाना बिंदकी जनपद फतेहपुर, वारण्टी अभियुक्तगण उदय भान उर्फ लाला पुत्र जयपाल कंजड निवासी सेलावन गढ़ी थाना बिंदकी जनपद फतेहपुर, . चन्द्रभान पुत्र जयपाल कंजड निवासी सेलावन गढ़ी थाना बिंदकी जनपद फतेहपुर को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय भेजा गया ।

## अनमोल के हत्यारों का नहीं पता लगा पाई पुलिस



## ढाई महीने से थाने के चक्कर काट रही मां, पुलिस अब तक कर रही जांच

**संजीव विश्वकर्मा**
**सबसे तेज प्रयागराज**

**बिजनौर! धामपुर थाना** क्षेत्र में एक दर्दनाक हत्याकांड की घटना सामने आया है। गांव मटोरा मान निवासी अनमोल (17) की हत्या के ढाई महीने बाद भी पुलिस के हाथ खाली हैं। 1 नवंबर को हुई इस वारदात में आरोपियों ने युवक की हत्या कर शव को गांगन नदी में फेंक दिया था।

**न्याय के लिए दर - दर भटक रही मृतक की मां**

**मृतक की मां शुक्र**वार को एक बार फिर गांव के लोगों के साथ धामपुर थाने पहुंची और न्याय की गुहार लगाई। परिजनों का आरोप है कि वे पिछले ढाई महीने से लगातार थाने के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन पुलिस अभी तक हत्यारों तक नहीं पहुंच पाई है।

इस संबंध में थाना प्रभारी धामपुर का कहना है कि मामले की जांच जारी है। स्थानीय पुलिस और फोरेंसिक टीम लगातार काम कर रही है और संदिग्ध लोगों से पूछताछ की जा रही है। हालांकि, अभी तक कोई ठोस सुराग हाथ नहीं लगा है। मृतक की मां कुमी देवी, हरगुलाल सिंह, संजीव कुमार, महेश सिंह, मान सिंह, आदि ग्रामीण न्याय के लिए थाने जा रहे है। लेकिन कोई कार्रवाई नही हो रही है।

## बिजनौर की नई डीएम बनीं जसजीत कौर

## अंकित अग्रवाल लखनऊ ट्रांसफर, मिला निदेशक अल्पसंख्यक कल्याण विभाग का पद

**संजीव विश्वकर्मा**
**सबसे तेज प्रयागराज**

बिजनौर ! उत्तर प्रदेश सरकार ने गुरुवार देर रात बड़े पैमाने पर प्रशासनिक फेरबदल किया, जिससे कई जिलों के प्रशासनिक अधिकारियों की जिम्मेदारियां बदल गईं। इस आदेश के तहत बिजनौर के जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल का तबादला कर उन्हें लखनऊ में अल्पसंख्यक कल्याण विभाग का निदेशक नियुक्त किया गया है। बिजनौर की नई जिलाधिकारी के तौर पर मेरठ की अपर आयुक्त जसजीत कौर को जिम्मेदारी सौंपी गई है।



जसजीत कौर एक अनुभवी प्रशासनिक अधिकारी हैं और उनकी गिनती सख्त और जनहितैषी अधिकारियों में होती है। इस प्रशासनिक फेरबदल में राज्य के करीब 15 जिलों के डीएम और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों का स्थानांतरण किया गया है। यह कदम सरकार की विकास योजनाओं को गति देने और प्रशासनिक दक्षता को बढ़ाने के उद्देश्य से उठाया गया है

## आईटी एक्ट में वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**सबसे तेज प्रयागराज**

**फतेहपुर। पुलिस अधी**क्षक फतेहपुर धवल जायसवाल के निर्देशन में वांछित/वारण्टियों की गिरफ्तारी व अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में शुक्रवार को थाना थरियांव पुलिस द्वारा 67 आईटी एक्ट से संबंधित वांछित अभियुक्त अखिलेश पुत्र छोटेलाल निवासी करियामऊ थाना थरियांव जनपद फतेहपुर को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय भेजा गया ।



गिरफ्तार करने वाली टीम
थानाअध्यक्ष अरविन्द कुमार राय. उ0नि0 श्यामबहादुर सिंह।

## वांछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

**सबसे तेज प्रयागराज**

**फतेहपुर। पुलिस** अधीक्षक फतेहपुर धवल जायसवाल के निर्देशन में वांछित/वारण्टियों की गिरफ्तारी व अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में शुक्रवार को थाना मलवां पुलिस द्वारा वांछित अभियुक्त निधान सिंह पुत्र शीशा सिंह निवासी प्रताप कालोनी थाना समाना जनपद पटियाला पंजाब हालपता ग्राम गोविन्द नगर थाना गुहला जनपद कैथल हरियाणा को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय भेजा गया ।




## मंझनपुर क्षेत्र में सीओ ने किया पैदल गस्त

**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी। महाकुम्भ-2025** के आयोजन को सकुशल सम्पन्न कराने एवं सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत एवं जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा आमजन में सुरक्षा का भाव जागृत करने के उद्देश्य से क्षेत्राधिकारी मंझनपुर शिवांक सिंह द्वारा थाना मंझनपुर पुलिस बल के साथ कस्बा मंझनपुर में भीड़ भाड़ व मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में पैदल गस्त की गई तथा दुकानदारों से वार्ता कर



भयमुक्त माहौल के लिए आश्वस्त किया गया।

डल्ली ३३ौल्ल३

# भाजपा जिलाध्यक्ष ने सचिवालय भवन का किया शिलान्यास

**ब्यूरो चीफ**
**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी। विधानसभा सिराथू** कड़ा ब्लॉक के ग्राम पंचायत साढ़ो में जिलाध्यक्ष भाजपा धर्मराज मौर्य ने भूमिपूजन कर सचिवालय के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया व उपस्थित ग्रामवासियों को सचिवालय के बारे में बताया कि सचिवालय भवन में ग्राम पंचायत के प्रशासनिक कार्यों का संचालन किया जाता है जैसे कि ग्राम पंचायत की बैठक निर्णय लेना और विभिन्न योजनाओं का क्रियान्वयन सचिवालय भवन में ग्राम पंचायत के सभी रिकॉर्ड जैसे की जमीन के रिकॉर्ड जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र और अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज रखे जाते हैं सचिवालय भवन में सार्वजनिक



सेवाएं जैसे की पानी की आपूर्ति सड़कों की मरम्मत और स्वच्छता सेवाएं प्रदान की जाती है साथ ही सचिवालय भवन में नागरिकों की शिकायत सुनी जाती है और उनका समाधान भी किया जाता है।

इस मौके पर खण्ड विकास अधिकारी संजय कुमार गुप्ता, जिला पंचायत सदस्य तूफान यादव, पूर्व मण्डल अध्यक्ष नागेश दत्त मिश्रा, आशीष केसरवानी, संदीप निर्मल, व तमाम ग्रामवासीगण उपस्थित रहे।

## पुलिस की हत्थे चढ़ा लुटेरा नगदी बाइक बरामद

**सबसे तेज प्रयागराज**

**बाराबंकी। बाराबंकी पुलिस लुटेरे की तलाश में मुखबिर की सूचना पर एक लुटेरे को गिरफ्**तार कर नगदी मोटरसाइकिल बरामद करते हुए जेल भेज दिया।



थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा जनसहयोग से अभियुक्त शुभम शुक्ल पुत्र उमेश शुक्ला निवासी पब्लिक विहार कालोनी सराय शेख शेखर होटल के पास थाना चिनहट जनपद लखनऊ को गिरफ्तार किया गया तथा कब्जे से लूट से सम्बन्धित एक अदद कान की बाली व 7500/- रुपए नकद एवं घटना में प्रयुक्त एक अदद केटीएम मोटरसाइकिल यूपी 32 एमवी 0280 बरामद की गयी।

अभियुक्त द्वारा अपने अन्य साथियो के साथ मिलकर रेकी कर राह चलते मोटर साइकिल सवार व्यक्तियों को अपना निशाना बनाते है और छिनैती/लूट जैसी घटना कारित करते है। दिनांक 16.01.2025 को वादीनगर कट के पास एक महिला से कान की बाली व एक अन्य व्यक्ति से मोबाइल फोन छीन लिया था। पंजीकृत किया गया। साथ ही करीब 02 माह पूर्व सरथरा क्रासिंग के पास एक महिला से जेवरात छीना था जिसको बेचने पर प्राप्त रुपये 7500/-रुपये बरामद किए।

## जैदपुर पुलिस ने दो सप्लायर को किया गिरफ्तार, कब्जे से 27 लाखों रुपए की मारफीन बरामद

**सबसे तेज प्रयागराज**

**बाराबंकी। कप्तान दिनेश कुमार सिंह के निर्देश पर जैतपुर पुलिस क्षेत्र में मार्फीन की सप्लाई करने वाले** दो सप्लायर को गिरफ्तार कर लाखों की मार्फिन बरामद करते हुए लिखा पड़ी किया। थाना जैदपुर द्वारा शुक्रवार को मादक पदार्थ तस्कर/ अभियुक्तगण मो0 फैशल अंसारी पुत्र मिस्बाउर्रहमान निवासी वी.आई.पी. सिटी नवीगंज थाना कोतवाली नगर बाराबंकी, अब्दुल अजीज अंसारी पुत्र अब्दुल हलीम निवासी भीतरी पीर बटावन थाना कोतवाली नगर जनपद बाराबंकी को पाटमऊ नहर पुलिया के पास हरख रोड से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से कुल 272 ग्राम अवैध मारफीन (अंतर्राष्ट्रीय कीमत लगभग 27 लाख रुपए) व 02 अदद मोबाइल फोन (आईफोन, सैमसंग) व 01 अदद स्कूटी बरामद किया गया।



## रामसनेही घाट पुलिस ने 5 जुआरियों को किया गिरफ्तार

**सबसे तेज प्रयागराज**

**बाराबंकी। थाना** रामसनेही घाट पुलिस टीम द्वारा सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेल रहे 05 अभियुक्तगण राकेश कुमार वर्मा पुत्र पुत्तीलाल निवासी गोरपुर थाना रामसनेहीघाट बाराबंकी, आनन्द सिंह पुत्र रामकुमार निवासी ग्राम सरसा थाना कोठी जनपद बाराबंकी, मस्तराम पुत्र स्व0 विश्वराम निवासी मऊ थाना रामसनेही घाट जनपद बाराबंकी, रामकैलाश पुत्र जवाहिर निवासी मऊ थाना रामसनेहीघाट जनपद बाराबंकी, नन्दकिशोर पुत्र जुगुलशरण निवासी बलवन्त पुरवा मजरे तोरई गांव थाना असन्द्रा जनपद बाराबंकी को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से ताश के 52 पत्ते व मालफड़/जामातलाशी के कुल 3630/- रुपए बरामद किया गया।

## फोन पे के माध्यम से साइबर फ्रॉड कर निकाली गयी धनराशि के अभियुक्त को पुलिस ने हिरासत में लिया

**सबसे तेज प्रयागराज**

**बाराबंकी । गुरुवार को वादिनी श्रीमती फूलमती पत्नी गिरीश यादव निवासी बिबियापुर मजरे** रूहेरा थाना मोहम्मदपुर खाला जनपद बाराबंकी ने तहरीर दिया कि दिनांक 14.01.2025 को मेरे पुत्र के पास अज्ञात मोबाइल नम्बर फोन आया और कहा कि मैं आपका रिश्तेदार हूं, उसके खाते में 16,000/-रुपये डालने का लालच देकर 1,999/-रुपये करके 15 बार में कुल 29,985/-रुपये अपने खाते में फोन पे पर करा लिए। उक्त सूचना पर आईटी एक्ट बनाम अज्ञात पंजीकृत कर त्वरित कार्यवाही की गयी। मोबाइल नम्बर ट्रेस करने पर अभियुक्त की लोकेशन हरियाणा में होना ज्ञात हुआ। हरियाणा पुलिस से तत्काल सम्पर्क करते हुए अभियुक्त साकिर उर्फ साकिर हुसैन पुत्र जुहर खान निवासी डाढ़ौली कला थाना पिनघंवा जनपद नूह हालपता (किराए) ए-ब्लाक एसजीएम नगर जनपद फरीदाबाद (हरियाणा) को हरियाणा पुलिस द्वारा हिरासत में ले लिया गया है। मो0पुर खाला पुलिस द्वारा हरियाणा पहुंचकर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।



## दो वारण्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया

**ब्यूरो चीफ**
**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी। एसपी बृजेश** कुमार श्रीवास्तव के निर्देश पर पिपरी पुलिस वारंटी की तलाश में मुखबिर की सूचना पर दो वारंटी को गिरफ्तार कर लिखा पड़ी करते हुए जेल भेज दिया।

पिपरी थाने के उपनिरीक्षक अजीत सिंह मय हमराह पुलिस बल द्वारा 2 वारण्टी अभियुक्तों सुनील रैदास पुत्र दिलीप रैदास नि० मोहम्मदपुर थाना पिपरी . मुकेश कुमार पुत्र बनवारी लाल नि० नौवापुर थाना पिपरी जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार किया गया। विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को माननीय न्यायालय भेजा गया।

## बाल अपचारी को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया

**कौशांबी।** थाना सराय अकिल पुलिस उ०नि० सुबेदार सिंह यादव मय हमराह पुलिस बल द्वारा अपहरण में बाल अपचारी को नियमानुसार पुलिस अभिरक्षा में लेकर विधिक कार्यवाही के पश्चात मा० न्यायालय किशोर न्याय बोर्ड भेजा गया।

## निरोधात्मक कार्यवाही में 02 अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशांबी।** जनपद में अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शाति भंग करने के आरोप में ( थाना मंझनपुर से 01, थाना पश्चिम शरीरा से 01) कुल 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान मा० न्यायालय किया गया

## वाहन चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

**कौशांबी।** जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई, चेकिंग के दौरान दो पहिया चार पहिया वाहनों को चेक किया गया। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 194 वाहनों का ई-चालान किया गया।

## चोरी की घटना का भंडाफोड़, 9 अन्तर्जनपदीय चोर गिरफ्तार, मोटर पार्ट्स, नगदी, तमंचा, 2 चार पहिया बरामद





**हनुमान प्रसाद शुक्ल**
**सबसे तेज प्रयागराज**

**बाराबंकी। आठ** जनवरी को मेसर्स ओम लजिस्टिक्स लिमिटेड के शाखा प्रबन्धक/वादी रंजीत झा पुत्र राजकांत झा द्वारा सूचना दिया गया कि थाना देवा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम माती स्थित वेयर हाउस, जो माल परिवहन के लिए लोडिंग, अनलोडिंग एवं भण्डारण के लिए किराये पर ले रखा है, से कई कार्टन माल गायब हो गया है, सीसीटीवी फुटेज की जांच से पता चला कि चार की रात्रि में अज्ञात चोरों द्वारा अपने चेहरे को ढ़क कर वेयर हाउस के पीछे की टिन शेड को खोलकर माल के कार्टन चोरी कर ले गये हैं।

पुलिस टीम द्वारा डिजिटल डेटा व मैनुअल इंटेलीजेंस की मदद से घटना का सफल अनावरण करते हुए देर रात को 9 अभियुक्तों कृष्ण मोहन पुत्र राम प्रवेश मौर्या निवासी धौरमऊ गोरखपुरी बंगला थाना देवा, दीपक अग्रवाल पुत्र स्व0 विशन अग्रवाल निवासी बल्केश्वर थाना कमलानगर जनपद आगरा, हालपता- 19/287 इन्दिरानगर, लखनऊ (किराए का मकान), हनुमान रावत पुत्र केदार निवासी मतपुरवा थाना फतेहपुर, कुलदीप पुत्र राम दुलारे रावत निवासी शेषपुर अलीपुर, सुधीर पुत्र रामनरेश रावत निवासी ग्राम रोटी थाना जहांगीराबाद. ओमकार पुत्र लालजी वर्मा निवासी ग्राम गौरिया थाना देवा. गुरूमीत सिंह पुत्र हरबक्श सिंह निवासी लाजपत नगर थाना कोतवाली नगर. मनोज पुत्र सोहन लाल नि0 ढरेपुर मजरे कुरखिला थाना देवा जनपद बाराबंकी. रनमीत सिंह पुत्र बृजेन्द्र सिंह निवासी खुर्शीद बाग त्रिपाठीनगर जनपद लखनऊ को जरुआ जंगल, ग्राम टिकरिया से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से 85 अदद कार्टन (मोटर पार्ट्स) व घटना में प्रयुक्त दो अदद चार पहिया वाहन, 03 अदद मोबाइल फोन व 5,990/- रुपए नकद बरामद किया तथा अभियुक्त कृष्ण मोहन के कब्जे से 01 अदद तमंचा, 02 अदद जिंदा कारतूस .315 बोर बरामद किया गया।

पूछताछ एवं जांच से ज्ञात हुआ कि अभियुक्त कृष्ण मोहन व हनुमान रावत पूर्व में टेल्को कम्पनी में गाड़ियां चलाते थे तथा इन दोनों का परिचय अभियुक्त दीपक अग्रवाल निवासी बल्केश्वर थाना कमलानगर जनपद आगरा से हुआ जो ऑटो मोटर पार्ट्स की दुकनों पर गाड़ियों के पार्ट्स बेचने का काम करता है। अभियुक्त हनुमान रावत व कृष्ण मोहन ने वेयर हाउस में चोरी करने के लिए एक गैंग बनाया तथा उस चोरी किये गये सामान को बेचने के लिए दीपक अग्रवाल को सम्मिलित किया। योजनानुसार अभियुक्तगण द्वारा थाना देवा क्षेत्रान्तर्गत माती स्थित वेयर हाउस को चिन्हित किया गया, क्योंकि वेयर हाउस के पीछे खाली स्थान था, जहां पर आसानी से गाड़ी आ सकती है। अभियुक्तगण द्वारा दिनांक- 03.01.2025 की रात्रि में वेयर हाउस के पीछे टिन की दीवार के नट-बोल्ट खोलकर टिन को खिसका कर घुस गये और सामान निकाल कर बाहर इकठ्ठा करने के बाद गाड़ी बुलाकर लाद कर चले गये। अगले दिन जब अभियुक्तगण को पता चला कि चोरी के बारे में किसी को कोई जानकारी नहीं हुई तो दिनांक- 04.01.2025 को पुनः वेयर हाउस में जाकर अन्य सामान चोरी किया। वेयर हाउस से माल की डिमाण्ड होने पर वेयर हाउस कर्मचारी जब अन्दर गये और गिनने पर माल कम पाया तो सीसीटीवी फुटेज देखा तो चोरी का पता चल सका। अभियुक्तगण द्वारा वेयर हाउस में दो बार सामान निकाल कर चोरी करने से मन बढ़ गया और बाराबंकी के आस पास के जनपदों के अन्य कई वेयर हाउस पर चोरी करने की योजना बनाई गई थी। परन्तु बाराबंकी पुलिस द्वारा तत्परता दिखाते हुए अभियुक्तगण को गिरफ्तार कर अन्य घटनाओं को घटित होने से बचा लिया गया। अभियुक्त कृष्ण मोहन व मनोज ने वर्ष-2024 में जनपद लखनऊ के गुडम्बा थाना स्थित वेयर हाउस में चोरी की थी।

**स्वाट/सर्विलांस व थाना देवा की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा वेयर हाउस में हुई चोरी की घटना का भंडाफोड़ कर 9 अन्तर्जनपदीय चोरों की गिरफ्तार कर 85 कार्टन मोटर पार्ट्स, नकदी, तमंचा व 02 चार पहिया वाहन बरामद किया।**

**दिनेश कुमार सिंह**
**पुलिस अधीक्षक बाराबंकी**

# अखाड़ों के साधु-महात्माओं का कुशल क्षेम लेने पहुंचे महाकुम्भ के आला अफसर







**हनुमान प्रसाद शुक्ल**
**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन, प्रयागराज भानु भास्कर, पुलिस महानिरीक्षक प्रयागराज परिक्षेत्र प्रेम गौतम, पुलिस उप महानिरीक्षक महाकुम्भ वैभव कृष्ण, मेलाधिकारी महाकुम्भ विजय किरन आनंद के द्वारा अखाड़ा महाकुम्भ मेला क्षेत्र में पहुंचकर 13 अखाड़ों के साधु-संत-महात्माओं से बारी बारी भेंट कर सभी को शाल भेंट की गई व कुशल क्षेम लिया गया।इस दौरान अफसरों ने सभी साधु-संतों-महात्माओं से आशीर्वाद लिया। पुलिस उच्चाधिकारियों ने अखाड़ों के साधु-संतों-महात्माओं से आगामी अमृत स्नान महापर्व मौनी अमावस्या पर निर्धारित समय सीमा, स्नान मार्ग व आने जाने के पाण्टून पुलों, सुरक्षा व्यवस्था व भीड़ नियंत्रण के संबंध में विस्तार से चर्चा की। साथ चल रहे अफसरों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साधु-संत-महात्माओं ने सभी को आशीर्वाद स्वरुप पुष्पों की माला भेंट करके महाकुम्भ के आगामी महास्नान पर्व मौनी अमावस्या को सकुशल संपन्न कराये जाने हेतु आशीर्वाद प्रदान किया। महाकुम्भ अखाड़ा मेला क्षेत्र में भ्रमण के दौरान महाकुम्भ के अन्य राजपत्रित अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

## किन्नर अखाड़ा में पूजा, मनिकंडन बने महामंडलेश्वर, धैर्यराज श्रीमहंत

### जगद्गुरु गगाचर्यि स्वामी महेन्द्रानंद गिरि,महामंडलेश्वर स्वामी जय अम्बे गिरि की अध्यक्षता में हुआ पट्टाभिषेक कार्यक्रम

### सनातन धर्म की मजबूती के लिए बनाए जा रहे धर्म गुरू: डा लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी



**सबसे तेज प्रयागराज**

**महाकुंभ नगर। महाकुंभ नगर के सेक्टर -16 संगम लोवर मार्ग पूर्वी पटरी पर किन्नर अखा**ड़ा का शिविर लगा हुआ है। शिविर में पट्टाभिषेक कार्यक्रम जारी है। जूना अखाड़ा के जगदगुरू गगार्चार्य मुचकुन्द पीठाधीश्वर स्वामी महेन्द्रानंद गिरि और जूना अखाड़ा की महामंडलेश्वर स्वामी जय अम्बा गिरि महाराज जूनागढ़ की अध्यक्षता में किन्नर अखाड़ा ने दो महामंडलेश्वर और एक श्रीमहंत का पट्टाभिषेक किया। तमिलनाडु के स्वामी मनिकंडन महराज और नासिक की पूजा को महामंडलेश्वर और राजस्थान के उदयपुर के धैर्यराज नंद गिरी को श्रीमहंत बनाया गया है। किन्नर अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी डा लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी महराज ने कहा कि सनातन धर्म की मजबूती और प्रचार प्रसार के लिए समाज के योग्य एवं धर्मभीरु लोगों का चयन करके उनको सनातन धर्म की बागडोर सौंपी जा रही है। उन्होंने कहा कि आज सभी मजहबों के निशाने पर सनातन धर्म और उसके लोग हैं। किन्नर अखाड़ा की आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी डा लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी महराज ने कहा कि तमिलनाडु के महामंडलेश्वर स्वामी मनिकंडन महराज बहुत ही गंभीर और धार्मिक है। वह अघोरी संत हैं। वह रात में प्रतिदिन चार से पांच घण्टे तक पूजा करते हुए समाज सेवा करते हैं। मनिकंडन 30 वर्ष से, नासिक की पूजा 20 वर्ष से और उदयपुर के धैर्य राज नंद गिरी 15 वर्ष से संन्यास में रहते हुए धर्म और समाज सेवा कर रहे हैं। ऐसे लोगों के धर्म में आने से सनातन धर्म को और मजबूती मिलेगी। जूना अखाड़ा के जगदगुरू गगार्चार्य मुचकुन्द पीठाधीश्वर स्वामी महेन्द्रानंद गिरि महराज और महामंडलेश्वर जय अम्बा नंद गिरी महराज, महाकुंभ प्रभारी महामंडलेश्वर कौशल्यानंद गिरि, महामंडलेश्वर कनकेश्वरी नंद गिरी, महामंडलेश्वर पवित्रा नंद गिरी, महामंडलेश्वर नीलम सहित अन्य किन्नर संतों ने आशीर्वाद दिया।

## सैंया मिले लड़कईयां मैं का करूं' गीत पर झूमे श्रोता

### कलाग्राम बना आकर्षक का केंद्र

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज। महा**कुंभ के सेक्टर 7 में सांस्कृतिक गांव के रुप में बसा कलाग्राम लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बन चुका है। कलाग्राम में इमर्सिव जोन, अविरल शाश्वत कुंभ को देखने के लिए लोगों की भीड़ जुट रही है। सांस्कृतिक कुंभ के तहत शुक्रवार को सांस्कृतिक मंच पर गीत, संगीत और लोकनृत्यों के संगम में दर्शकों ने जमकर डुबकी लगायी। संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित भारत की विविध सांस्कृतिक विरासत के इस उत्सव में हर राज्य के कलाओं की प्रस्तुति हो रही है। शुक्रवार को कार्यक्रम की शुरूआत प्रहलाद कुर्मी एवं दल से हुई। उन्होंने सुमरनी बल खीरे सुमरो हनुमान गीत पर राई नृत्य की प्रस्तुति दी। इसके बाद सुभाष देवराणी एवं दल द्वारा गढ़वाल के लोकनृत्य की प्रस्तुति दी गई। उमरल बदरिया चमके बिजुरिया चमके बिजुरिया व सोहर नृत्य तथा अमवा महूअवा के झूमे झूमे डोरिया गीत पर झूमर नृत्य की प्रस्तुति दी। इसके बाद हरियाणा से आए पद्मश्री महावीर गुड्डु एवं दल ने मेरा रंग दे बंसती चोला मेरा ठिकाना जग में, इस भारत में हरियाणा तथा मेरा रंग दे बंसती चोला गीत पर बमलहरी नृत्य की प्रस्तुति दी। इसके बाद दिव्या सिंह एवं दल द्वारा अवधी गीत सैया मिले लरकइयां, हमरी गुलाबी चुनरिया, होली खेले रघुवीरा जैसे गीतों की प्रस्तुति दी। इसके बाद गुजरात से आए जयन्ती भाई राठवा द्वारा राम ढोल, थाली, शहनाई की धुन पर पिरामिड के आकार मे राठवा नृत्य की प्रस्तुति दी। शानदार कार्यक्रम को दर्शकों ने खूब सराहा।





## कैमरे की नजर में महाकुंभ कलाग्राम की कलाएं ...









## खोए मोबाइल वापस मिला तो खिले चेहरे

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज। महाकुम्भ-2025 की आस्था की दिव्यता एवं भव्यता अपने चरम पर है।** मेला क्षेत्र में प्रत्येक दिन लाखों की संख्या में स्नानार्थी आकर मां गंगा की धारा में स्नान-ध्यान करके मेले का लुफ्त उठा रहे हैं। इस दौरान कई स्नानार्थियों के मोबाइल, बैग आदि मेला क्षेत्र में खो जाते हैं। ऐसी स्थिति में इन सभी श्रद्धालु स्नानार्थियों की अपेक्षाएं महाकुम्भ पुलिस पर आकर रुकती हैं महाकुम्भ पुलिस की इन सब की अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए तैयार रहती है पुलिस उप महानिरीक्षक महाकुम्भ वैभव कृष्ण द्वारा सभी थानों व अन्य शाखा प्रभारी से प्रत्येक दिन महाकुम्भ की सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में वार्ता करते हुए आवश्यक निर्देश दिशा-निर्देश दिए जाते हैं।

इस दौरान थाना कोतवाली झूँसी महाकुम्भ के अंतर्गत में मेला क्षेत्र में आए





स्नानार्थियों के मोबाइल फोन खो जाने के मिले 9 प्रार्थना पत्र पर तत्परता दिखाते खोए मोबाइल वापस दिलाए गए।

मोबाइल फोन वापस पाने वालों में राम तीरथ पुत्र हंस लाल राजपूत निवासी गोठी पुरवा थाना तिर्वा जनपद कन्नौज, सौरभ कुमार पुत्र राकेश सैनी निवासी ग्राम व थाना साहार जनपद औरैया, मुकेश कुमार पुत्र डब्बूलाल कठेरिया निवासी मदारी थाना साहार जनपद औरैया, जवाहरलाल पुत्र नन्हू जायसवाल निवासी घोरावल जनपद सोनभद्र,विशाल पुत्र नरेश ग्राम साहार जनपद औरैया,

रामनरेश पुत्र मेवालाल निवासी साहार जनपद औरैया, खुशबू सोनी पत्नी राजकुमार केसरवानी निवासी ग्राम कसेरुआ कला सराय इनायत प्रयागराज और जय हिंद पुत्र प्रेमचंद निवासी साहार जनपद औरैया शामिल हैं।

## महाकुंभ नगर के त्रिवेणी मार्ग पर केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों एवं विभागों द्वारा प्रदर्शनी का आयोजन




**सबसे तेज प्रयागराज**

**महाकुंभ नगर।** महाकुंभ प्रयागराज के त्रिवेणी मार्ग पर केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों एवं विभागों द्वारा प्रदर्शनी लगाई गई है। इस प्रदर्शनी क्षेत्र में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा भारत सरकार की उपलब्धियों, योजनाओं, नीतियों और लोक कल्याणकारी कार्यक्रमों की जानकारी आमजन को प्रदान करने के लिए लगाई गई डिजिटल प्रदर्शनी पंडाल में ही राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना की डिजिटल प्रदर्शनी के साथ कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय एवं प्रकाशन विभाग के स्टाल भी लगाये गये हैं।

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की डिजिटल प्रदर्शनी में एनामॉर्फिक वाल, एलईडी टीवी स्क्रीन, एलईडी वाल, होलोग्राफिक सिलेंडर के माध्यम से विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदर्शित हो रही है।

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की डिजिटल प्रदर्शनी में बाढ़, अगजनी, भूकंप, शीतलहर, जंगल की आग एवं अन्य प्राकृतिक एवं मानव जन्य होने वाली आपदाओं से बचाव के उपाय डिजिटल माध्यम से बताए एवं प्रदर्शित किये जा रहे हैं।

प्रधानमंत्री इंटर्नशिप की डिजिटल प्रदर्शनी विभिन्न कम्पनियों, उपक्रमों, में प्रधानमंत्री इंटर्नशिप प्राप्त करने की प्रक्रिया बतायी जा रही है।

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के प्रकाशन विभाग के स्टाल पर महत्वपूर्ण विषयों एवं महापुरुषों के जीवन पर आधारित पुस्तकें उपलब्ध हैं।

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के स्टालों पर मिलेट्स उत्पाद एवं सब्जी बीज भी उपलब्ध हैं 'महाकुंभ में आने वाले हजारों की संख्या में लोग इन और स्टालों का अवलोकन कर रहे है। दर्शक इन प्रदर्शनियों में प्रदर्शित चित्रों, चलचित्रों के माध्यम से दी जा रही जानकारी की सराहना कर रहे हैं और डिजिटल प्रदर्शनी को सूचना एवं शिक्षाप्रद बता रहे है। महाकुंभ नगर, त्रिवेणी मार्ग प्रदर्शनी परिसर में लगाई गई यह प्रदर्शनियां 26 फरवरी 2025 तक आमजन के अवलोकन के लिए नि:शुल्क खुली रहेगी।

## खुलासा: छेड़खानी के चलते हुई थी नईमुद्दीन की हत्या, पिता, भाई, दोस्त गिरफ्तार



**स्वाती मिश्रा**
**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशाम्बी। गुरुवार** को कुएं में हत्या कर फेंके गए युवक के शव मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है,युवती के साथ छेड़खानी और धमकी के चलते युवक की हत्या की गई थी,पुलिस ने हत्या के आरोप में युवती के पिता,भाई और दोस्त को गिरफ्तारी किया है,आरोपियों ने युवक द्वारा बहन को परेशान करने,बहन की शादी के बाद उसके पति की हत्या किए जाने की धमकी के बाद हत्या किया जाना स्वीकार किया है।

एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने प्रेस वार्ता कर घटना का खुलासा करते हुए बताया कि 15 जनवरी को चरवा थाना क्षेत्र के चपहुआ गांव में कुए में शव मिलने की सूचना मिली थी,जिस पर पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर फायर सर्विस व ग्राम वासियों के सहयोग से शव को बाहर निकाला गया, जिसकी शिनाख्त नईमुद्दीन उम्र लगभग 30 वर्ष पुत्र नसीरुद्दीन नि० चपहुआ के रूप में हुई थी।चरवा थाना पुलिस और एसओजी टीम का गठन किया गया था। सर्विलांस की सहायता से मृतक व अन्य संदिग्ध मोबाइल नम्बर के कॉल डिटेल की समीक्षा करते हुये, साक्ष्य के आधार पर घटना में सम्मिलित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया,हत्या की घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार करते हुये आरोपी कुलदीप ने बताया कि नईम मेरा मित्र था, मेरे बाहर रहने के दौरान घर आते जाते मेरी बहन को प्रेम जाल में फसाकर, जबरन छेड़खानी करने लगा तथा कही और शादी करने पर उस लड़के की हत्या करने तक की धमकी देने लगा। इस बात को जब मेरी बहन ने मुझे बताया तो मैने अपने पिता व संदीप के साथ योजना बनाकर, अन्धेरा होने पर बहाने से उसको खेत में बुलाया तथा हम तीनों ईट, राड व डण्डे से मारकर उसकी हत्या कर दी,और शव को खेत में स्थित कुए में डाल दिये ताकि किसी को पता न चले। मैंने 13 जनवरी को पूना जाने का रेल टिकट भी करा लिया था ताकि पकड़ में न आऊँ। तीनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया।

## डीएम ने सीएचसी कड़ा के चिकित्सक द्वारा 6 माह से अपने दायित्यों का निर्वाहन न पाये जाने पर कड़ी चेतावनी जारी करते हुए सेवा समाप्त करने के दिए निर्देश

**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी। जिलाधिकारी म**धूसूदन हुल्गी द्वारा आज स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं-100 दिवसीय टी0बी उन्मूलन कार्यक्रम, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, आभा आईडी, एच०आर०पी०/वीएचएनडी सत्रों की सघन मांनीटरिंग एवं गर्भवती महिलाओं की जॉच के सम्बन्ध में मुख्य चिकित्साधिकारी से जानकारी प्राप्त की गई।

जिस पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 संजय कुमार द्वारा अवगत कराया गया कि 100 दिवसीय टीबी उन्मूलन कार्यकम के अन्तर्गत जनपद कौशाम्बी प्रदेश मे 59 वें स्थान था, जो अधिकारियों तथा कर्मचारियों की कडी मेहनत से जनपद प्रदेश में अब 19 वॉ स्थान प्राप्त कर लिया है। शेष दिनों में और प्रगति की जायेंगी। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यकम के अन्तर्गत आरबीएसके की टीम द्वारा 6206 एच०आर०पी० चिन्हीकरण किया गया तथा उनका उपचार एवं जटिल केसों को रेफरल किया गया। टीम द्वारा बेहतरीन काम करते हुए अपने क्षेत्र मे एचआरपी किशोरियों में एनीमिया की जांच एवं उपचार किया गया। सैम एवं मैम बच्चों का उपचार तथा संदर्भन किया गया। 02 बाल मृत्यु का आडिट कर मृत्यु के कारण का पता किया जा रहा है, जिससे बाल मृत्यु को रोका जा सकेंगा।

जिलाधिकारी ने आभा आई०डी० की जानकारी प्राप्त की आभा आईडी प्रगति कम पाये जाने पर उन्होंने नाराजगी प्रकट करते हुए समस्त नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया कि मार्च 2025 से पूर्व शत-प्रतिशत आभा आई०डी० बनाया जाना सुनिश्चित किया जाय। उन्हांने समस्त अपर/उप मुख्य चिकित्साधिकाररियों को अपने-अपने आवंटित ब्लांक में एच०आर०पी० एवं वीएचएनडी सत्रों की सघन मांनीटरिंग किये जाने के निर्देश दियें। जिलाधिकारी ने गर्भवती महिलाओं की जांच के लिए बेड साइट कर्टेन तथा इक्जामिनेशन टेबल क्रय करने के निर्देश दियें। उन्हांने कहा कि खण्ड विकास अधिकारी एवं ग्राम प्रधानो के माध्यम से टेबल क्रय वी०एच०एस०एन०डी० को उपलब्ध धनराशी से कराने के लिए प्रोत्साहित किया जाये।

जिलाधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कड़ा के आर०बी०एस०के० के चिकित्सक डा० वीरेन्द्र कुमार द्वारा पिछले लगभग 06 माह से अपने दायित्यों का निर्वहन करते हुए न पाये जाने पर कड़ी चेतावनी जारी करते हुए सेवा समाप्त करने के निर्देश दियें। इसके साथ ही उन्होंने निष्काशित आशाओ का संबंधित ब्लाक के नोडल अधिकारी द्वारा सेवा समाप्त की कार्यवाही करने के भी निर्देश दियें।

## यमुना पुल निर्माण का काम रुका, विधायक अविनाश चंद्र ने डिप्टी सीएम से मिलकर की पहल



**स्वाती मिश्रा**
**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी। प्रयागराज** और कौशांबी को जोड़ने वाले फोरलेन परियोजना के तहत कोसम इमाम गांव के तहत यमुना नदी पर बन रहे पुल का निर्माण कार्य वित्तीय समस्या के कारण रुका हुआ था यह पुल क्षेत्र के लोगों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसके बन जाने से यातायात सुगम होगा और क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी इस समस्या को लेकर मऊ मानिकपुर (चित्रकूट) के विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी (लल्ली महाराज)ने उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य से मुलाकात की विधायक ने डिप्टी सीएम को यमुना पुल निर्माण की स्थिति की पूरी जानकारी दी और पुल के रुके हुए काम को जल्द से जल्द शुरू कराने का अनुरोध किया डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए आश्वासन दिया कि निर्माण कार्य में आ रही वित्तीय रुकावट को जल्द ही दूर किया जाएगा उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि यमुना पुल का काम प्राथमिकता के आधार पर शुरू किया जाए और इसे समय पर पूरा किया जाए इस पहल से स्थानीय लोगों को उम्मीद है कि जल्द ही पुल का निर्माण कार्य फिर से शुरू होगा और यह महत्वपूर्ण परियोजना समय पर पूरी होगी यह पुल न केवल यातायात को सुगम बनाएगा, बल्कि क्षेत्रीय व्यापार और आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा देगा।

## चौपाल लगाकर मिशन शक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया

**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी। पुलिस अधी**क्षक कौशाम्बी बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में जनपद के विभिन्न थानों के थाना प्रभारी व महिला बीट उपनिरीक्षक/आरक्षियों द्वारा चौराहों/बस स्टैण्ड/टैक्सी स्टैण्ड/जिला अस्पताल/विद्यालयों/गांव व कस्बा में भ्रमण कर/चौपाल लगाकर मिशन शक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।



इस क्रम में थाना करारी पुलिस टीम द्वारा ग्राम तुर्तिपुर व कस्बा करारी में भ्रमण कर,थाना मंझनपुर पुलिस टीम द्वारा कस्बा मंझनपुर में प्रदर्शनी मेला में भ्रमणशील रहकर एवं थाना पश्चिम शरीरा, थाना पिपरी व महिला थाना पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र में भ्रमणशील रहते हुए/चौपाल लगाकर/कार्यक्रम का आयोजन कर बच्चियों//महिलाओं को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन कार्यक्रम के बारे में जागरूक किया गया तथा उनके प्रति होने वाले किसी भी अपराध एवं संबंधित अपराधियों के बारे में तत्काल पुलिस एवं शक्ति मित्र महिला पुलिसकर्मियों अथवा थानों में बने महिला हेल्प डेस्क पर सूचना देने के लिए जागरूक किया गया । महिलाओं एवं बच्चियों को पम्पलेट वितरित कर *विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जैसे- (1) 1076 मा० मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, (2) 1090 वीमन पावर हेल्पलाइन, (3) 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन, (4) 102 स्वास्थ सेवा, (5)108 एंबुलेंस सेवा, (6) 1098 चाइल्ड हेल्प लाइन, (7) 181 वन स्टाप सेन्टर, तथा (8) 112 पुलिस आपात कालीन सेवा आदि के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया तथा इमरजेन्सी कॉल/पैनिक बटन का मोबाइल पर उपयोग करने हेतु डेमो दिखाया गया एवं महिला अपराध आदि की जानकारी देते हुए उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया तथा *सरकार द्वारा जारी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं (1)सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना (2)मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना (3)अभ्युदय योजना (4)मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना (5)निराश्रित महिलाओं को पेंशन योजना (6)राष्ट्रीय पोषण मिशन योजना (7) आयुष्मान योजना आदि के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी ।

## संपादक की कलम से

## क्या आप लगा पाएगी दिल्ली में चुनावी चौका

आगामी पांच फरवरी को दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए वोट डाले जाएंगे। चुनाव जीतने के लिए सभी राजनीतिक दल जोड़-तोड़ करने में जुट गए हैं। चुनाव में मुख्य मुकाबला भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), आम आदमी पार्टी (आप) व कांग्रेस पार्टी के बीच होना तय माना जा रहा है। पिछले दो विधानसभा चुनाव में मुख्य मुकाबला आप व भाजपा के बीच हुआ था। कांग्रेस का प्रदर्शन बहुत खराब रहा था। मगर इस बार कांग्रेस पार्टी पूरे दमखम के साथ चुनाव लड़ने जा रही है। पिछले लोकसभा चुनाव में जहां कांग्रेस पार्टी ने आम आदमी पार्टी से गठबंधन कर चुनाव लड़ा था। वहीं विधानसभा चुनाव कांग्रेस अकेले ही लड़ेगी। कांग्रेस के अकेले चुनाव लड़ने व पिछले लोकसभा चुनाव में अच्छा प्रदर्शन करने के कारण दिल्ली विधानसभा चुनाव में मुकाबला त्रिकोणात्मक होने की संभावना बनने लगी है। दिल्ली में तीन बार सरकार बनाकर आप ने मजबूत पकड़ बनायी हैं। वहीं लोकसभा चुनाव में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने के बावजूद भाजपा आप के सामने टिक नहीं पा रही है।

आप के अरविंद केजरीवाल ने कांग्रेस पार्टी के समर्थन से 28 दिसंबर 2013 को पहली बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। मगर कांग्रेस द्वारा समर्थन वापस लेने के चलते 49 दिन में ही सरकार गिर गई थी। फरवरी 2015 में हुए विधानसभा चुनाव में आप ने 67 सीटें जीतकर एक नया इतिहास रच दिया था। आप को 54.34 प्रतिशत वोट मिले थे। अरविंद केजरीवाल ने 14 फरवरी 2015 को दूसरी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। उस चुनाव में भाजपा को मात्र तीन सीट तथा 32.19 प्रतिशत वोट मिले थे। कांग्रेस को एक भी सीट नहीं मिली तथा वोट भी घटकर 9.65 प्रतिशत रह गये थे।

2020 के विधानसभा चुनाव में आप ने 62 सीटे जीतकर 53.57 प्रतिशत वोट प्राप्त किए थे। 16 फरवरी 2020 को अरविंद केजरीवाल तीसरी बार दिल्ली के मुख्यमंत्री बने थे। 2020 के चुनाव में भाजपा की सीट तीन से बढ़कर आठ तक पहुंच गई थी तथा वोटो का प्रतिशत भी बढ़कर 38.51 प्रतिशत हो गया था। कांग्रेस को इस बार भी कुछ नही मिला था। कांग्रेस को 4.26 प्रतिशत वोट ही मिले थे। कांग्रेस के अधिकांश प्रत्याशियों की जमानत जप्त हो गई थी।

2 अक्टूबर 2012 को गांधी जयंती के दिन आम आदमी पार्टी का गठन किया गया था। पार्टी के गठन के ठीक एक साल एक महीने और दो दिन बाद 4 दिसंबर 2013 को दिल्ली विधानसभा चुनाव के वोट डाले गए थे। 8 दिसंबर 2013 को चुनाव के नतीजे आए तो आप को 28 सीटें तथा 29.49 प्रतिशत वोट मिले थे। पार्टी अध्यक्ष अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली की मुख्यमंत्री शीला दीक्षित को उनकी नई दिल्ली सीट पर करीब 26000 वोटो से हराया था। उस चुनाव में भाजपा को 31 सीट व 33.07 प्रतिशत वोट मिले थे। वहीं कांग्रेस को 8 सीट व 24.55 प्रतिशत वोट मिले थे।

उस वक्त कांग्रेस ने भाजपा को सत्ता से दूर रखने के चक्कर में आप को समर्थन देकर अरविंद केजरीवाल को पहली बार मुख्यमंत्री बनवाया था। कांग्रेस की यही भूल अब तक कांग्रेस को लगातार जीरो पर आउट कर रही है। उस वक्त यदि कांग्रेस ने आम आदमी पार्टी को समर्थन नहीं दिया होता तो आगे विधानसभा चुनाव के नतीजे अलग हो सकते थे। मगर अपनी भूल का कांग्रेस आज तक खामियाजा उठा रही है। 1998 से 2008 तक लगातार तीन विधानसभा चुनाव जीत कर सरकार बनाने वाली कांग्रेस 2013 में मात्र 8 सीटों पर सिमट गई थी। कांग्रेस की एक भूल उस पर इतनी भारी पड़ गई कि वह आज तक संभल नहीं पा रही है।

दिल्ली में लोकसभा चुनाव के करीब 8 महीने बाद विधानसभा चुनाव होते हैं। लोकसभा चुनाव में भाजपा 2014 से 2024 तक लगातार दिल्ली की सातों सीटों पर जीत दर्ज करवाती आ रही है। वहीं विधानसभा चुनाव में मतदाताओं के वोट डालने का ट्रेंड बदल जाता है। 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने सभी सात सीटों पर जीत दर्ज कर 46.63 प्रतिशत यानी 38 लाख 38 हजार 850 वोट प्राप्त किए तथा 60 विधानसभा सीटों पर आगे रही थी। आप को 33.08 प्रतिशत यानी 27 लाख 22 हजार 887 वोट मिले थे तथा 10 सीटों पर आगे रही थी। वहीं कांग्रेस को 15.22 प्रतिशत यानी 12 लाख 53 हजार 78 वोट मिले थे। कांग्रेस एक सीट पर भी आगे नहीं थी। वही 2015 के विधानसभा चुनाव में आप को 67 सीटों पर जीत मिली थी।

इसी तरह 2019 में भाजपा ने 56.85 प्रतिशत यानी 49 लाख 8 हजार 541 वोट लेकर सभी सीट जीती थी। तथा 65 विधानसभा सीटों पर आगे रही थी। वहीं आप को 18.20 प्रतिशत यानी 15 लाख 71 हजार 687 वोट मिले थे और सीट एक भी नहीं जीती थी। आप किसी विधानसभा सीट पर आगे नहीं रही थी। वहीं कांग्रेस को 22.63 प्रतिशत यानी 19 लाख 53 हजार 900 वोट मिले थे। कांग्रेस को सीट एक भी नहीं मिली मगर पांच विधानसभा सीट पर आगे रही थी। 2024 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी ने लगातार तीसरी बार सभी सातों सीटों को जीतकर 54.35 प्रतिशत यानी 48 लाख 44 हजार 180 वोट प्राप्त किए थे। वहीं 52 विधानसभा सीटों पर आगे रही थी। आप को एक भी सीट पर जीत नहीं मिली थी। पार्टी को 24.17 प्रतिशत यानी 21 लाख 54 हजार एक वोट मिला था।

## सर्दियों में बच्चों की खांसी-जुकाम को हल्के में न लें, हो सकती है ये बीमारी

ठंड के दिनों में बच्चों को खांसी जुकाम होना आम बात है, लेकिन यह समस्या अगर बार-बार हो रही है, तो इसे नजरअंदाज करना नहीं चाहिए. यह छोटी सी समस्या आगे चलकर गंभीर बन सकती है. सर्दियों में ठंड के कारण बच्चों की इम्यूनिटी कमजोर हो जाती है, ऐसे में बच्चों की बीमार पड़ने की आशंका बढ़ जाती है. खांसी का कारण सिर्फ ठंड ही नहीं, बल्कि यह किसी गंभीर बीमारी का लक्षण भी हो सकता है. खांसी के कारण बच्चों में कई बीमारियां हो सकती हैं?

सर्दियों के मौसम में खांसी, बुखार, छींक आना बच्चों में आम होता है. बच्चे कई बार कम कपड़े पहनकर ही बाहर निकल जाते हैं. ऐसे में वह ठंड की चपेट में आ जाते हैं और वह सर्दी जुकाम का शिकार हो जाते हैं. माता पिता को बच्चों को ठंड से बचाना चाहिए और गर्म पानी पिलाना चाहिए.

**निमोनिया**

ठंड में बच्चों में निमोनिया होने की समस्या बढ़ जाती है. तेज खांसी, सांस लेने में दिक्कत और तेज बुखार से बच्चे तपने लगते हैं. ऐसे में बच्चों के लिए गर्म कपड़े और घर का तापमान भी गर्म रखना चाहिए. और सरसो तेल की मालिश करनी चाहिए. गंभीर स्थिति बनने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए.

**ब्रोन्काइटिस (श्वसन नली में सूजन)**

ठंड के दिनों में बच्चों में लंबे समय तक बलगम वाली खांसी और सांस में घरघराहट की समस्या बनी रहती है. इससे बच्चे की श्वसन नली में सूजन आ जाती है. ऐसी स्थिति होने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए.

**टीबी (ट्यूबरकुलोसिस)**

वैसे तो ट्यूबरकुलोसिस की बीमारी किसी भी उम्र के लोगों को अपनी जद में ले सकती है, लेकिन कमजोर रोग प्रतिरोधक क्षमता वाले बच्चों को यह तेजी से जकड़ती है. बच्चों में दो हफ्ते से ज्यादा खांसी है, वजन कम हो रहा हो और रात में पसीना आ रहा हो तो तुरंत टीबी की जांच करवानी चाहिए. समय से टीबी का इलाज शुरू कर दिया जाए तो यह जल्दी ही ठीक हो जाती है. सर्दियों में बच्चों को गर्म कपड़े पहनाकर रखें और बाहर जाने से बचाएं. साथ ही घर साफ-सुथरा रखें.

# मेटा की माफी से सोशल मीडिया मंचों को सख्त सन्देश

-: ललित-

फेसबुक के लिये भारत एक संभावनाओं भरा बड़ा बाजार होने के बावजूद उसकी भारत के प्रति सोच भ्रामक, विवादास्पद एवं नकारात्मक रही है। फेसबुक और मेटा भारत के तथ्यों के साथ छेड़छाड़ और फेकन्यूज को लेकर विवादों में घिरती रही हैं। हाल ही में मेटा के सीईओ मार्क जकरबर्ग एक बार फिर भारत को लेकर दिये गलत बयान के मामले में फंस गए हैं। जुकरबर्ग ने एक पॉडकास्ट में कहा था कि कोरोना के बाद दुनिया के कई देशों में मौजूदा सरकारें गिर गईं। भारत के लोकसभा चुनाव में भी नरेन्द्र मोदी सरकार हार गई। यह जनता का सरकारों में घटता भरोसा दिखाता है। इस बयान के बाद संसद की आईटी एंड कम्युनिकेशन मामलों की स्टैंडिंग कमिटी के अध्यक्ष और भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कहा था कि इस गलत बयान पर कंपनी को माफी मांगनी चाहिए। वरना हमारी समिति उन्हें मानहानि का नोटिस भेजेगी। भारत सरकार की सख्त आपत्ति को देखते हुए भले ही मेटा ने माफी मांग ली हो, लेकिन मार्क भरोसे के लायक नहीं है। यह माफी जहां जरूरी थी वही अब स्वागतयोग्य भी है। लेकिन मार्क का भारत के प्रति नजरिया गैर जिम्मेदाराना, लापरवाहीपूर्ण एवं दोषपूर्ण है। ऐसी निरंकुश सोच एवं उच्छृंखल मानसिकता की बुनियाद पर संबंधों की खड़ी होने वाली ईमारत खोखली एवं विनाशकारी ही होती है।




यह वाकई हैरत की बात है कि जकरबर्ग ने भारत को भी उन देशों में शामिल कर लिया जहां पिछले साल चुनाव में सरकारों ने सत्ता गंवाई। तथ्य यह है कि भाजपा की सीटें भले कम हुई हों, लेकिन सत्तारूढ़ गठबंधन एनडीए ने बहुमत हासिल कर सरकार में वापसी की एवं सफलतापूर्वक सरकार को चला रही है। नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बने और न केवल देश में बल्कि दुनिया में भारत का परचम फहरा रहे है। इस तथ्य से जकरबर्ग कैसे अनजान हो सकते हैं? क्या वह जानबूझकर भारत सरकार के बारे में गलत सूचनाएं फैला रहे हैं? क्या यह शक्तिशाली एवं विकसित राष्ट्रों के साथ-साथ वहां की बड़ी आर्थिक शक्तियों की भारत के प्रति विरोधाभासी दुर्भावना नहीं है। कैसे मान लिया जाये कि यह गलती अनजाने में हुई है? क्या दुनिया के सबसे बड़े सोशल मीडिया मंच फेसबुक को संभालने वाली इतनी बड़ी कंपनी के मालिक से ऐसी गलती की उम्मीद की जा सकती है और ऐसी गलती उनको शोभा देती है कि वह भारत जैसे देश के चुनाव परिणाम से परिचित न हों? अगर यह गलती जुकरबर्ग से भूल या अनजाने में हुई है, तो भी यह गंभीर बात है।

मेटा इंडिया भी जुकरबर्ग की ही कंपनी है, जिसके एक आला अधिकारी ने कहा है कि अमेरिकी बहुराष्ट्रीय प्रौद्योगिकी समूह मेटा के लिए भारत एक अविश्वसनीय रूप से महत्वपूर्ण एवं संभावनाभरा खास देश बना हुआ है। मेटा अपने व्यापार को भारत में विस्तारित करने के लिये विभिन्न योजनाओं पर काम भी कर रहा है। भारत मेटा के लिए बहुत अहम देश है। फेसबुक, इंस्टाग्राम और वॉट्सएप की पेरेंट कंपनी मेटा चेन्नई में रिलायंस इंडस्ट्रीज के कैंपस में भारत में अपना पहला डेटा सेंटर स्थापित कर सकती है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, मार्च 2024 में जामनगर में हुए बिजनेसमैन मुकेश अंबानी के छोटे बेटे अनंत अंबानी की प्री वेडिंग फंक्शन में जुकरबर्ग शामिल हुए थे। तभी उन्होंने रिलायंस के साथ इसको लेकर एक समझौता किया था। इस तरह मेटा के लिए भारत अहम है, तो इसके मालिक को भारत का नाम बहुत संभलकर एवं सोच समझकर लेना चाहिए। वैसे भी भारत सरकार अमेरिका, यूरोपीय देशों या चीन की तरह आक्रामक एवं उग्र नहीं है। आक्रामक देशों में तो सरकारें फेसबुक या मेटा की गलतियों पर उसे न केवल सबक सीखाती है बल्कि कई बार ऐसी गलतियों के चलते कंपनियों को भारी जुमार्ना भी चुकाना पड़ता है। उन देशों की कड़ाई का ही नतीजा है कि सोशल मीडिया कंपनियां इन देशों में बहुत सजग रहती हैं, जबकि भारत के मामले में उनकी नीति बदल जाती है। भारत की उदारता का ये कंपनियां अधिकतम दुरुपयोग करना चाहती हैं। भारत को भी उदारता, सरलता एवं लचीलेपन की जगह कठोर एवं सख्त रवैया अपनाना चाहिए क्योंकि भारत अब दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थ-व्यवस्था बनने के साथ दुनिया में अपनी एक स्वतंत्र एवं ठोस जगह बना चुका है। जुकरबर्ग से जुड़ा यह ताजा मामला ऐसे ही लोगों के लिये एक सबक एवं चेतावनी बनना चाहिए। भारत सरकार को चाहिए कि वह ऐसी बहुराष्ट्रीय कंपनियों के मालिकों और अधिकारियों को चेतावनी के शब्दों में सचेत कर दे कि वे भारत के महत्व को समझें, पर्याप्त सजग एवं सावधान रहें। भारतीयों को पता है कि साल 2019 में अमेरिका में फेडरल ट्रेड कमीशन ने उपयोगकर्ता की गोपनीयता का उल्लंघन करने के लिए फेसबुक पर पांच अरब डॉलर का जुमार्ना लगाया था।

मेटा प्रमुख मार्क के भ्रामक एवं गुमराह करने वाले बयान पर केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भी प्रतिक्रिया दी और इसे ह्लगलत जानकारीह्व करार देते हुए तथ्य और विश्वसनीयता बनाए रखने का आह्वान किया। मेटा के पब्लिक पॉलिसी के वाइस प्रेसिडेंट, शिवनाथ ठुकराल ने अश्विनी वैष्णव के पोस्ट पर जवाब देते हुए लिखा, ह्लमार्क जुकरबर्ग का यह कहना कि 2024 के चुनावों में कई देशों में सत्ताधारी पार्टियां फिर से नहीं चुनी गईं, कई देशों के लिए सही है, लेकिन भारत के लिए नहीं। हम इस अनजाने में हुई गलती के लिए माफी मांगते हैं। भारत मेटा के लिए बेहद महत्वपूर्ण देश है और हम इसके इनोवेशन से भरे भविष्य का हिस्सा बनने के लिए उत्साहित हैं।ह्व भारत को अपना बाजार मानने वाले मेटा के लिये ऐसी भूल अनायास या जानबूझकर जैसे भी हो, होना दुर्भाग्यपूर्ण है। क्योंकि भारत जैसे सशक्त एवं ताकतवर लोकतांत्रिक देश के लिये गलत जानकारी प्रसारित करना देश की छवि को धूमिल करती है। यह तो भारत की उदारता, सहिष्णुता एवं भलमनसाहत है कि उसने ऐसी अक्षम्य गलती पर भी माफी से संतोष कर लिया, वरना भारी जुमार्ना या अन्य कठोर सजा के प्रावधान हो सकते थे। फेसबुक जैसे सोशल मीडिया मंचों का इस्तेमाल सिर्फ अधिक से अधिक मुनाफा हासिल करने के मकसद से हो रहा है। लेकिन इसके लिये समाज को नुकसान पहुंचाना कैसे जायज हो सकता है? इस तरह की गैर जिम्मेदारी एवं लापरवाही खतरनाक हो सकती है और इसकी इजाजत नहीं दी जा सकती। ताजा विवाद को सरकार ने गंभीरता से लिया है, यह अच्छी बात है। लेकिन जरूरी है कि चिंता इसी मामले तक सीमित न रहे। हेट स्पीच, तथ्यों को तरोड़मरोड़ कर प्रस्तुत करना और फेक न्यूज के ऐसे अन्य मामले भी राष्ट्रीय एकता एवं राष्ट्र के अस्तित्व एवं अस्मिता के लिये गंभीर एवं चुनौतीपूर्ण है। सरकार की सख्ती जहां मेटा को ज्यादा जिम्मेदार बनाये वहीं अन्य मंचों के लिये भी सबक बने।

माफी के बाद जुकरबर्ग जैसे मालिकों को भी यह सुनिश्चित होगा कि उनके अधीन चलने वाले सोशल मीडिया मंचों पर भारत के प्रति किसी झूठ, भ्रम एवं असत्य बयानी का सिक्का न चले। क्योंकि भारत की उदारता को उसकी कमजोरी मानने की मानसिकता घातक हो सकती है। भारत को लेकर कोई गलत सूचना संचारित-प्रसारित न हो, तथ्यों की प्रामाणिकता एवं सच्चाई को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। मनगढ़ंत या झूठी सूचनाओं का प्रचार- संचार अब भारत के लिये सहनीय नहीं है। फेसबुक या अन्य सोशल मंचों पर बहुत सारी झूठी, भ्रामक, विध्वंसक या फर्जी सूचनाएं समय-समय पर घूमती रहती हैं, जिससे भारत की राष्ट्रीय एकता, साम्प्रदायिक सौहार्द, इंसानी सद्भावना आहत होती रही है। भारत के कतिपय राजनीतिक दल इसके लिये ऐसे मंचों को प्रोत्साहन भी देते हैं लेकिन इन सब स्थितियों के बावजूद भारत को मजबूती से इनके खिलाफ खड़े होकर उनको उनकी जमीन दिखाना ही चाहिए। ऐसी सख्ती ही भारत की छवि को मजबूती प्रदान करेंगी एवं तभी दुबारा ऐसा दुस्साहस करने की कोई चेष्टा नहीं करेगा।

**प्रेषक:**
**(ललित गर्ग)**
**लेखक, पत्रकार, स्तंभकार**
**ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट**
**25 आई. पी. एक्सटेंशन,**

## कनाडा और ग्रीनलैंड को अमेरिका में शामिल करने की बात महज इच्छा नहीं

**- नन्तू बनर्जी**

कनाडा की अर्थव्यवस्था संयुक्त राज्य अमेरिका पर अत्यधिक निर्भर है। औपनिवेशिक युग के बाद भी देशों पर जबरन कब्जा करना कोई नई बात नहीं है। अमेरिका, 1867 के ब्रिटिश उत्तरी अमेरिका अधिनियम के तहत इसके निर्माण के बाद से ही कनाडा के विशाल क्षेत्र को हड़पने में रुचि रखता है। कनाडा एक द्विधार्मिक देश है। कानूनी अवधारणाएं अंग्रेजी और फ्रेंच दोनों में व्यक्त की जाती हैं। ब्रिटिश सम्राट, किंग चार्ल्स - तृतीय, कनाडा के संवैधानिक प्रमुख हैं।

ऐसा लगता है कि अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की कनाडा और ग्रीनलैंड को अमेरिका में शामिल करने और मैक्सिको खाड़ी का नाम बदलने की बात महज उनकी सामान्य इच्छा नहीं है बल्कि इसके पीछे कोई राज की बात है। कनाडा पर अमेरिका का कब्जा तो ब्रिटिश सम्राट की भागीदारी वाली दोनों देशों के बीच एक संधि या कनाडा के नागरिकों द्वारा अमेरिका में शामिल होने के पक्ष में जनमत संग्रह या बल प्रयोग के माध्यम से ही संभव है।

कनाडा की अर्थव्यवस्था संयुक्त राज्य अमेरिका पर अत्यधिक निर्भर है। औपनिवेशिक युग के बाद भी देशों पर जबरन कब्जा करना कोई नई बात नहीं है। अमेरिका, 1867 के ब्रिटिश उत्तरी अमेरिका अधिनियम के तहत इसके निर्माण के बाद से ही कनाडा के विशाल क्षेत्र को हड़पने में रुचि रखता है। कनाडा एक द्विधार्मिक देश है। कानूनी अवधारणाएं अंग्रेजी और फ्रेंच दोनों में व्यक्त की जाती हैं। ब्रिटिश सम्राट, किंग चार्ल्स - तृतीय, कनाडा के संवैधानिक प्रमुख हैं। यद्यपि वह देश पर शासन नहीं करते हैं, ब्रिटिश राजा कनाडा की सरकार और पहचान का एक मूलभूत हिस्सा हैं।

हालांकि, अमेरिका ने अभी तक 9.98 मिलियन वर्ग किलोमीटर से अधिक के भौगोलिक क्षेत्र के हिसाब से दुनिया के दूसरे सबसे बड़े देश कनाडा पर कब्जा करने का गंभीर प्रयास नहीं किया है। कनाडा पर अमेरिका का कब्जा इसे रूस से आगे दुनिया का सबसे बड़ा देश बना देगा, जिसका कुल क्षेत्रफल 17,098,242 वर्ग किलोमीटर है। अमेरिका का क्षेत्रीय विस्तार कोई नई बात नहीं है। यह अमेरिकी संविधान द्वारा प्रदान किया गया है। ट्रम्प इसे जानते हैं। ट्रम्प के सुझाव पर अमेरिका में कोई गंभीर राजनीतिक बहस नहीं है कि कनाडा को अपने में मिला लिया जाये और डेनमार्क के साथ संधि के माध्यम से ग्रीनलैंड को हासिल कर लिया जाये।

निरंतर क्षेत्रीय विस्तार और अधिग्रहण अमेरिका के भू-राजनीतिक इतिहास का एक हिस्सा है। विश्व इतिहासकार जानते हैं कि अमेरिका ने कैलिफोर्निया, नेवादा, यूटा, न्यू मैक्सिको, एरिजोना, कोलोराडो, ओक्लाहोमा, कंसास और व्योमिंग के वर्तमान राज्यों को कैसे अपने में मिला लिया। कनाडा और ग्रीनलैंड अगले निशाने हो सकते हैं। ऐसा करने के लिए अमेरिका में एक संवैधानिक वास्तुकला मौजूद है। अमेरिका के लिए अधिग्रहण या अधीनता के माध्यम से क्षेत्र हासिल करने की संभावना और मिसाल दोनों हैं। यहां तक कि कनाडा के जबरन विलय का किसी अन्य शक्ति द्वारा सैन्य रूप से विरोध किये जाने की संभावना बहुत कम है। अतीत में, अमेरिका, रूस, चीन, भारत, यूके, फ्रांस और इजरायल सहित कई सैन्य रूप से मजबूत देशों ने कई क्षेत्रों पर जबरन कब्जा किया या उन्हें अपने साथ बनाये रखा तथा इस क्रम में उन्हें किसी तीसरे पक्ष के बहुत कम विरोध का सामना करना पड़ा।1950 में तिब्बत पर चीन का आक्रमण सभी विदेशी क्षेत्रीय विलयों में सबसे शांत था। तिब्बत पर चीनी सैन्य कब्जे की खबर, जिसे 'दुनिया की छत' के रूप में जाना जाता है, इतनी धीमी गति से फैली कि 1952 तक अधिकांश तिब्बती इसके बारे में अनभिज्ञ थे।

चीन ने झिंजियांग, हैनान और झोउशान सहित कई क्षेत्रों पर कब्जा कर लिया है। तिब्बत चीन के कुल भूभाग का लगभग आठवां हिस्सा है। तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र (टीएआर)झिंजियांग के बाद क्षेत्रफल के हिसाब से चीन का दूसरा सबसे बड़ा प्रांत-स्तरीय विभाजन है।

# राहुल का संघ पर नया हमला

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एक बार फिर से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर बड़ा हमला बोला है। इस बार उनके निशाने पर सीधे संघप्रमुख मोहन भागवत आये हैं। दरअसल मंगलवार को भागवत ने एक बयान में वह सब कह दिया जो संघ वर्षों से कहता तो आया है लेकिन जब बात सार्वजनिक रूप से कहने या संवैधानिक मंच से स्वीकारने का अवसर आता है तो संगठन या तो मुकर जाता है या अपनी लाइन बदल देता है। 15 अगस्त, 1947 को भारत आजाद हुआ था और स्वतंत्र भारत का नीति-नियामक ग्रंथ भारतीय संविधान है, यह सभी जानते हैं परन्तु संघ का हमेशा से कुछ अलग ही विचार रहा है।



आजादी की लड़ाई से खुद को दूर रखने वाले संघ ने 26 जनवरी, 1950 को लागू किये गये संविधान को भी यह कहकर स्वीकार नहीं किया था कि 'इसमें कुछ भी भारतीय नहीं है।' जाहिर है कि संघ एवं उसके राजनीतिक विंग पूर्ववर्ती जनसंघ और वर्तमान भारतीय जनता पार्टी की पसंद 'मनुस्मृति' रही है जो कि गैरबराबरी और वर्ण भेद पर आधारित संहिता है। यह कुनबा आजाद भारत के संवैधानिक प्रतीकों के भी खिलाफ रहा है। यही कारण है कि वर्षों तक संघ के नागपुर स्थित संघ मुख्यालय पर तिरंगा नहीं वरन शाखाओं में फहराया जाने वाला भगवा झंडा ही लगाया जाता था।

पिछली लगभग पौन शताब्दी के दौरान विभिन्न मौकों पर संघ के पदाधिकारियों द्वारा या उनके मुखपत्रों में ये विचार तो अभिव्यक्त होते ही रहे लेकिन मंगलवार के जिस बयान को लेकर राहुल आक्रामक हुए हैं, उसमें भागवत ने कहा कि भारत ने अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण दिवस पर अपनी 'सच्ची आजादीज् हासिल की। भागवत का आशय राममंदिर की प्राणप्रतिष्ठा से था जो कि अयोध्या में पिछले साल हुआ था। तिथि के अनुसार इसकी सालगिरह 11 जनवरी को मनाई गई थी। भागवत ने यह भी कहा कि '15 अगस्त, 1947 को भारत को अंग्रेजों से राजनीतिक आजादी मिलने के बाद, देश से निकले उस खास नजरिये के दिखाए रास्ते के अनुसार एक लिखित संविधान बनाया गया, लेकिन दस्तावेज के अनुसार नहीं चलाया गया।' भागवत के इस बयान को राहुल ने 'राष्ट्रद्रोह' करार देते हुए कहा कि संघप्रमुख ने स्वतंत्रता की लड़ाई, संविधान और हर भारतीय का अपमान किया है। राहुल गांधी बुधवार की सुबह कांग्रेस के नयी दिल्ली स्थित नवनिर्मित मुख्यालय के उद्घाटन अवसर पर बोल रहे थे।

उन्होंने भागवत को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि 'आज जो लोग सत्ता में हैं, वे तिरंगे को सलाम नहीं करते, राष्ट्रीय ध्वज को नहीं मानते, संविधान को नहीं मानते और भारत के बारे में उनका नजरिया हमसे बिलकुल अलग है।'

भारत को लेकर नजरिये का फर्क बतलाकर राहुल उन बुनियादी कारणों पर चले जाते हैं जिसके कारण कांग्रेस और संघ-भाजपा के बीच लड़ाई की स्पष्ट रेखा खिंचती है। इनमें से बहुत से ऐसे तथ्य हैं जो पिछले 75 वर्षों में कई बार साफ तौर पर उभरकर सामने तो आ ही चुके हैं, जिनके चलते कांग्रेस के साथ कई अनेक दल एवं संगठन भी संघ-जनसंघ-भाजपा के खिलाफ खड़े होते हैं। ऐसा भी नहीं कि राहुल इस मुद्दे पर पहली बार संघ को घेर रहे हैं पर इस बार सीधे भागवत पर हमला कर उन्होंने दर्शा दिया है कि लगातार तीसरी बार लोकसभा का चुनाव हारने, भाजपा को तीसरी बार सत्ता से दूर रखने में असफल रहने तथा इंडिया गठबन्धन की एकजुटता में आ रहे अवरोधों के बावजूद संघी विचारधारा के खिलाफ कांग्रेस की लड़ाई न धीमी पड़ी है और न ही ठंडी।

अपनी दोनों भारत जोड़ो यात्राओं के दौरान राहुल ने विचारधाराओं का जो संघर्ष छेड़ा था, उसमें कांग्रेस न तो कोई ढील देने जा रही है और न ही वह इससे पीछे हटेगी। उसे यह भी पता है कि वह संघ के विरोध की लड़ाई में बिलकुल अकेली है, वैसे ही जिस प्रकार आजादी की लड़ाई उसने अपने बलबूते पर लड़ी थी। इसलिये अपने भाषण में राहुल ने साफ किया कि, 'इस देश में कोई भी दूसरी पार्टी नहीं जो उन्हें (भाजपा को) रोक सके। उन्हें रोकने वाली एकमात्र पार्टी कांग्रेस है। राहुल का यह कहना उनके संगठन के हौसलों को तो दशार्ता ही है, इसकी तैयारी भी दिखलाता है कि मौका पड़े तो वह अकेली संघ-भाजपा से दो-दो हाथ करेगी। उनके बयान को गठबन्धन के उसके सहयोगियों की ओर संकेत भी माना जाये जो या तो संघ-भाजपा से लड़ने में डरते हैं या जो इंडिया में नेतृत्व परिवर्तन की बातें करने लगे हैं।

राहुल कोई पहली बार संघ परिवार पर हमलावर नहीं हुए हैं, तो भी उन्होंने एक तरह से संविधान को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मोहन भागवत के बीच अंतर्विरोध को भी उजागर कर दिया है। कहां तो 2024 के लोकसभा चुनावों में पूरी भाजपा 400 के पार जाने का मंसूबा पाले हुई थी और कहां अब मोदी संविधान की रक्षा की बात करने लगे हैं, क्योंकि पिछली और वर्तमान लोकसभा में उनकी पार्टी के सांसदों की सदस्य संख्या में 63 की कमी आई है। माना जाता है कि भाजपा को यह नुकसान संविधान बदलने के उसके इरादे उजागर होने के चलते हुआ है। जैसा कि आरोप है, भाजपा ने कम से कम 70 सीटों पर मतदान के आंकड़ों में हेरा-फेरी करके सरकार बचाई है। ऊपर से दो पार्टियों की बैसाखी भी उसे थामनी पड़ी। सम्भवतः भागवत को मोदी की इस मजबूरी का या तो भान नहीं है अथवा उन्हें चिंता नहीं है; अन्यथा वे इस तरह का संविधान विरोधी बयान नहीं देते। राहुल ने इस विसंगति को पकड़ लिया और एक झटके में उन्होंने भागवत पर हमला करते हुए संघ व भाजपा दोनों को बेनकाब कर दिया है। संविधान की रक्षा का कांग्रेस का संकल्प भी उनके बयान में अंतर्निहित है।

# जन कल्याणकारी दिवस समारोह के रूप मे शास्त्री घाट पर मनाया आयरन लेडी मायावती का जन्मदिन

## बहन मायावती कि जब सरकार थी तब सभी वर्गों के लोगों को एक नजरिये से देखा जाता था - रामचंद्र मौर्य



**वाराणसी :-** बहुजन समाज पार्टी के तत्वावधान में बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्षा पूर्व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश बहन कुमारी मायावती का जन्मदिन जनकल्याणकारी दिवस समारोह के रूप में कचहरी स्थित वरुणा पुल शास्त्री घाट पर बड़े ही हर्षोल्लास व उमंग के साथ मनाया गया` कार्यक्रम की अध्यक्षता रवि कुमार एडवोकेट जिलाध्यक्ष वाराणसी ने किया तथा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अवनीश कुमार मुख्य मण्डल प्रभारी वाराणसी मंडल रहे` विशिष्ट अतिथिगण के रूप में लक्ष्मण राम,रघुनाथ चौधरी,दीपचन्द चौधरी,मंडल प्रभारी रमेश चन्द्र शास्त्री, सुरेन्द्र प्रधान,प्रदीप कुमार पटेल,राजेश भारती,देवव्रत शर्मा,अनिल खरवार सहित इत्यादि लोग मौजूद रहे रामचंद्र मौर्य उर्फ चंदन गुरु नें कहा कि बहन मायावती कि जब सरकार थी तब सभी वर्गों के लोगों को एक नजरिये से देखा जाता था` कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने कहा की बहन कुमारी मायावती के जन्मदिन पर हम सभी बहुजन समाज के लोग संकल्प लेते है कि बहन मायावती को 2027 में मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठाने का कार्य करेंगे` कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी व अन्य पार्टियों को छोड़कर बहुजन समाज पार्टी की सदस्यता ग्रहण किये सदस्यता ग्रहण करने वालो में मुख्य रूप से सुशील कुमार मिश्रा पलहीपट्टी भठौली विधानसभा अजगरा वाराणसी के नेतृत्व में अमन सिंह,रवि राजभर,अंकुर मिश्रा,राजू राजभर,रितिक मिश्रा,दुर्गेश सिंह,विशाल मिश्रा,पंकज तिवारी,दिलीप मिश्रा सहित इत्यादि लोगो ने बहुजन समाज पार्टी की सदस्यता ग्रहण की`उक्त कार्यक्रम में एस जावेद अहमद पूर्व मंडल प्रभारी,सुभाष सोनकर पूर्व जिलाध्यक्ष, मुशीराम, सुमन,सुरेन्द्र कुमार, सुभाष चंद्र मांझी पूर्व महापौर प्रत्याशी, अर्चना सिंह पटेल जिला पंचायत सदस्य, नवीन भारत पूर्व जिलाध्यक्ष,सुरेन्द्र प्रधान, प्रमोद कुमार पटेल,नवीन प्रधान, कैलाश पाल, कैलाश विश्वकर्मा, सुरेश कुमार राव,अनुराग पटेल पूर्व प्रधान, विष्णु सेठ, प्रेमचन्द्र यादव,सुमन आशीष,डाक्टर मुंशीलाल, मंजय कुमार,बनारसी, सुरेन्द्र कुमार (एडवोकेट), छोटेलाल पटेल, राघवेन्द्र कुमार,रवि , दयाशंकर भारती सहित बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्त्तागण उपस्थित रहे

## सांसद ने किया एकलव्य माडल आवासीय विद्यालय का निरीक्षण, भोजन की गुणवत्ता मिली खराब

**बहराइच।** मिहींपुरवा बहराइच मिहींपुरवा तहसील के ग्राम बोझिया में जनजाति की बालिकाओं को अच्छी शिक्षा देकर मुख्यधारा से जोड़ने के लिए केन्द्र सरकार द्वारा संचालित एकलव्य माडल आवासीय विद्यालय का निरीक्षण बहराइच सांसद डा आनन्द कुमार गोंड ने किया निरीक्षण के दौरान विद्यालय की रसोई में बच्चों को परोसा जाने वाला भोजन गुणवत्ता विहीन मिला जिसपर सांसद ने जिलाधिकारी मोनिका रानी सहित उच्चाधिकारियों से शिकायत पर रसोई के संचालक के खिलाफ कठोर कार्यवाही करने को कहा है। केन्द्र सरकार द्वारा बहराइच तथा उसके आसपास जिलों में निवास करने वाली जनजाति के लोगों में शैक्षिक दर बढ़ाने तथा अच्छी आवासीय शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इस पिछड़े क्षेत्र में एकलव्य माडल आवासीय विद्यालय खोला गया है जिसमें छात्र छात्राओं को विद्यालय परिसर में आवासीय सुविधा के साथ साथ भोजन नास्ता दिया जाता है।सांसद डा. आनन्द कुमार गोंड ने बताया कि एकलव्य माडल आवासीय विद्यालय में औचक निरीक्षण के दौरान रसोई घर में बने भोजन में पौष्टिक विहीन तथा सब्जी व दाल में पानी भरा मिला तथा मेन्यू के अनुसार भोजन नही बनाया जा रहा था जिसकी शिकायत मैंने डीएम सहित उच्चाधिकारियों से कर संचालक के खिलाफ कठोर कार्यवाही करने को कहा है बच्चों के भोजन में किसी प्रकार की मिलावट नही करने दी जायेगी।

## मंडियों में व्यवस्थाओं को किया जाए दुरुस्त-दिनेश प्रताप सिंह

**लखनऊः प्रदेश** की मंडियों में साफ-सफाई की नियमित व्यवस्था हो, अतिक्रमण रोका जाए, किसान विश्रामगृह और स्वागत कक्ष, कोल्ड रूम बनाए जाएं, सड़क निर्माण और मरम्मत की जाए, बजट का समय पर उपयोग, कर्मचारियों और अधिकारियों की प्रोन्नति समय से की जाए। यह निर्देश गुरुवार को लखनऊ स्थित राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद में आयोजित बैठक में उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार तथा कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने दिए।

उक्त बैठक में मंडी परिषद की मंडियों की व्यवस्था सुधारने और किसानों की सुविधा सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध कार्य योजना बनाने और नियमित रूप से प्रगति की समीक्षा करने के निर्देश दिए। उन्होंने मंडियों को स्वच्छ और अवैध कब्जों से मुक्त रखने के लिए सख्त कदम उठाए जाएं। विश्राम गृहों की मरम्मत और साज-सज्जा की योजना के साथ प्रत्येक मंडी में किसान स्वागत कक्ष बनाए जाएं। मंत्री दिनेश सिंह ने कहा कि किसानों की फसलों को सुरक्षित रखने के लिए प्रत्येक मंडी में कोल्ड रूम की स्थापना पर जोर दिया। पुरानी सड़कों की मरम्मत और नई सड़कों के निर्माण की परियोजनाओं को प्राथमिकता देकर गुणवत्ता पूर्ण एवं समयबद्ध जाए।

उन्होंने आवंटित बजट को योजनाबद्ध तरीके से समय पर खर्च करने की संबंधित अधिकारियों को हिदायत दी।

## युवा शक्ति बनाएगी भारत को विश्व में प्रथम-संदीप

**लखनऊ**

**अखिल भा**रतीय उद्योग व्यापार मंडल की युवा इकाई उत्तर प्रदेश युवा उद्योग व्यापार मंडल का भव्य शपथ ग्रहण समारोह आज गोमती नगर स्थित अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान में संपन्न हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक विशिष्ट अतिथि भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष विधान परिषद सदस्य संतोष सिंह, विधायक ओमप्रकाश श्रीवास्तव तथा मुख्य वक्ता अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री संदीप बंसल रहे उत्तर प्रदेश युवा उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष पद पर अश्वन वर्मा, महामंत्री शुभम मौर्य वरिष्ठ उपाध्यक्ष विपिन अग्रवाल, निशीथ श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष पद के लिए उत्कर्ष अग्रवाल वीरेंद्र वर्मा रोहित महेश्वरी वीके रावत आमिर खान पिंटू वर्मा विशाल सिंह अमरेश कुमार शुभम गुप्ता स्वराज विशाल गौतम सचिन श्रीवास्तव अभिनीत गुलाटी दो इमरान समर्थ गुप्ता डॉक्टर




मदन मीडिया प्रभारी उमाशंकर पांडे असीम चंद्र सोशल मीडिया प्रभारी संगठन मंत्री के लिए अनुज गुप्ता वीरेंद्र भुर्जी समीर तिवारी अमित श्रीवास्तव राजेंद्र खरबंदा इसरार अहमद हनन जफर अवधेश सोनकर अमरजीत कुरील ताहिर हुसैन अंकुर वर्मा अजय कपूर कोषाध्यक्ष आदित्य कमल सक्सेना, प्रचार मंत्री अंकुर वर्मा तथा अजय कपूर को संरक्षक की शपथ दिलाई गई समारोह को संबोधित करते हुए संदीप बंसल ने कहा की विश्व में भारत को प्रथम नंबर पर लाने का काम भारत की युवा शक्ति को करना है जिसमें विशेष भूमिका देश के युवा उद्यमी और व्यापारियों की होगी जो युवा उद्योग और व्यापार परिवार से जुड़े हैं उनके अंदर स्वाभाविक रूप से यह क्षमता विकसित हो जाती है कि वह अच्छे ढंग से उद्योग और व्यापार चल सके और आज का युवा आधुनिक तरीके से भ्रष्टाचार रहित नैतिक मूल्यों से युक्त आचरण पसंद करता है इसलिए उसको आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता बस उसके मन में लगन और प्रबल इच्छा शक्ति होनी चाहिए । संदीप बंसल ने कहा कि यहां पर जो नई टीम तैयार हुई है यह पूरे देश के लिए एक मिसाल है कि युवाओं ने अपनी क्षमता को विकसित करके सैकड़ो हजारों व्यापारियों को जोड़ने का काम किया है अब यही हुआ व्यापारियों की सभी समस्याओं का समाधान करने में सफल होंगे उन्होंने प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक से आवासीय क्षेत्र में बनी दुकानों और व्यावसायिक गतिविधियों को उपयोग परिवर्तन करते हुए उनको अनुमति दिए जाने की मांग की ताकि लाखों लोगों का रोजगार और भरण पोषण होता रहे उन्होंने प्रदेश के 40 लाख पंजीकृत व्यापारियों से चुनकर छह विधान परिषद सदस्य सदन में भेजे जाने की मांग की साथ ही व्यापार और उद्योग बांधों की बैठकर नियमित हो तथा उनमें समस्याओं का समाधान हो ऐसा भी सुझाव दिया । आज के भाव शपथ ग्रहण समारोह में सैकड़ो की संख्या में लखनऊ के व्यापारी उपस्थित रहे।

## नयी दिल्ली की गणतन्त्र दिवस परेड में विशेष अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगी जिले की 02 महिला प्रधान

**बहराइच। आगा**मी 26 जनवरी को गणतन्त्र दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय परेड में आकांक्षी जनपद बहराइच की 02 महिला ग्राम प्रधानों को विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। यह जानकारी जिलाधिकारी मोनिका रानी ने दी। उन्होंने बताया कि यह पहला अवसर है जब 02 ग्राम प्रधानों को राष्ट्रीय परेड हेतु आमंत्रित किया गया है।

डीएम ने बताया कि मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र के कुशल नेतृत्व में शासन द्वारा संचालित योजनाओं यथा हर घर जल योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), मिशन इन्द्रधनुष, प्रधानमंत्री जन अरोग्य योजना, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री पोषण योजना, किसान क्रेडिट कार्ड इत्यादि योजनाओं में शत-प्रतिशत पूर्ति किये जाने के फलस्वरूप विकास खण्ड की ग्राम पंचायत बंगलाचक की ग्राम प्रधान श्रीमती उमा देवी व ब्लाक फखरपुर की ग्राम पंचायत अंगनापारा की ग्राम प्रधान श्रीमती किरन शुक्ला को विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है जो कि जनपद के लिए हर्ष का विषय की बात है।

## नवाचारी शिक्षिका निष्ठा दीक्षित को मिला टीचर आइकन अवार्ड

**बहराइच।** राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर डॉ. यादवेंद्र नाथ मेमोरियल ट्रस्ट रुड़की हरिद्वार द्वारा संचालित संस्था उद्घोषःशिक्षा का नया सवेरा एवं हरिद्वार यूनिवर्सिटी रुड़की हरिद्वार के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित चतुर्थ अखिल भारतीय शैक्षिक विमर्श एवं शिक्षक सम्मान समारोह में नवाचारी शिक्षिका निष्ठा दीक्षित को पुरस्कृत किया गया। इस कार्यक्रम में संपूर्ण भारत के विभिन्न राज्यों से शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 150 शिक्षकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत उद्घोषः शिक्षा का नया सवेरा नामक आईएसबीएन युक्त पुस्तक का विमोचन हुआ। इसमें जहां जिले के नवाचारी शिक्षिका निष्ठा दीक्षित(सहायक अध्यापिका) प्राथमिक विद्यालय अगरडीहा, गिलौला,श्रावस्ती, उत्तर प्रदेश को ,शिक्षा के क्षेत्र में नवाचारी प्रयोग आधारित आलेख एवं शोध पत्रों का संकलन किया गया है, में स्वरचित आलेख(बचपन पर अक गैजेट्स का प्रभाव) संकलित किया गया है। इसी क्रम में कार्यक्रम में टीचर्स आईकॉन अवार्ड से सम्मानित होने का स्वर्णिम अवसर प्राप्त हुआ है।

कार्यक्रम में कर्नल अजय कोठियाल(से०नि०)कीर्ति चक्र एवं शौर्य चक्र से सम्मानित मुख्य अतिथि के रूप में, पद्मश्री डॉ. प्रेमचंद्र शर्मा, पद्मश्री कल्याण सिंह रावत, पद्मश्री सेठपाल सिंह,प्रो. अवनीश कुमार शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार, डॉ. नंदकिशोर हटवाल विशिष्ट अतिथि के रूप में, एस०के०गुप्ता, सी०ए० हरिद्वार यूनिवर्सिटी कार्यक्रम अध्यक्ष के रूप में उपस्थित रहे। उनके द्वारा शिक्षिका को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन संजय वत्स शिक्षक, साहित्यकार समाजसेवी एवं उद्घोषःशिक्षा का नया सवेरा संस्था के संस्थापक द्वारा किया गया था।

## कुम्भ मेला क्षेत्र में 15 हजार सफाईकर्मी, 2500 गंगासेवा दूत निरंतर कर रहे सफाई कार्य।

लखनऊः उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए0के0 शर्मा ने कहा कि महाकुम्भ-2025 पूरे देश दुनिया के श्रद्धालुओं के लिए सबसे स्वच्छ, सुरक्षित, सुव्यवस्थित, अदभुत, अलौकिक, दिव्य एवं भव्य बन चुका है। सभी श्रद्धालु प्रदेश सरकार द्वारा की गयी व्यवस्थाओं एवं बेहतर प्रबंधन का मुक्त कंठ से बखान और प्रशंसा कर रहे हैं। दुनिया इससे भारत की प्राचीन संस्कृति, परम्परा, अध्यात्म, आस्था व विश्वास के साथ आधुनिक भारत के सामर्थ्य प्रबंधकीय क्षमता और बेहतरीन व्यवस्था का भी लोहा मानेगी। नगर विकास मंत्री ने कहा कि देश दुनिया से करोड़ो श्रद्धालु पवित्र संगम में डुबकी लगाने के लिए तीर्थराज प्रयाग पहुंच रहे हैं। लोगों की सुविधा और कुम्भ मेला क्षेत्र की सफाई, बिजली, पानी, भोजन व अन्य व्यवस्थाओं के लिए नगर विकास एवं ऊर्जा विभाग के कार्मिक दिन रात अपने कार्यों में लगे हुए हैं।




## भारतीय फिल्म महोत्सव जर्मनी 2025 : विविधता और कला का भव्य प्रदर्शन



**फ्रैंकफर्ट।** बर्लिन स्थित भारतीय दूतावास ने टैगोर सेंटर के सहयोग से जर्मनी में भारतीय फिल्म महोत्सव का आयोजन किया। इस संस्करण में 10 से अधिक भाषाओं में 20 से ज्यादा फिल्मों की 40 स्क्रीनिंग रखी गई, जिसने फ्रैंकफर्ट, हैम्बर्ग, म्यूनिख और बर्लिन सहित कई शहरों में दर्शकों को आकर्षित किया। बर्लिन में गाला इवनिंग की शुरूआत ह्यद मेहता बॉयज के प्रीमियर के साथ हुई। इस कार्यक्रम में शेखर कपूर, बोमन ईरानी, अपारशक्ति खुराना, पूजा सरूप, अविनाश तिवारी, राहुल चिट्टेला, कनु बहल, लक्ष्मीप्रिया देवी और अतुल सभरवाल जैसे प्रसिद्ध निर्देशक, अभिनेता और फिल्म निमार्ता शामिल हुए। प्रमुख फिल्मों में राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता गुलमोहर और मनोज बाजपेयी अभिनीत डिस्पैच शामिल थीं। भारतीय राजदूत अजीत गुप्ते और श्रीमती प्रीति गुप्ते ने भव्य कार्यक्रम में भारतीय और जर्मन गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया।

बर्लिन के पॉट्सडैमर प्लाट्ज में सिनेमैक्स सहित अत्याधुनिक स्थानों पर स्क्रीनिंग की गई। महोत्सव के मुख्य आकर्षणों में स्क्रीनिंग के बाद प्रश्नोत्तर सत्र शामिल थे। डिस्पैच के निदेशक कनु बहल ने बर्लिन में भारतीय दूतावास की द्वितीय सचिव मैत्रेयी नायडू द्वारा संचालित एक चर्चा में दर्शकों के साथ बातचीत की। इसके अतिरिक्त, अनुभवी फिल्म निमार्ता शेखर कपूर ने अपनी क्लासिक फिल्म मासूम की स्क्रीनिंग के बाद एक ज्ञानवर्धक प्रश्नोत्तरी सत्र आयोजित किया।

भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा आईआईएफ जर्मनी को जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली और 5,000 से अधिक दर्शक पूरी तरह से सोल्ड-आउट शो में शामिल हुए। समापन फिल्म गुलमोहर की स्क्रीनिंग के साथ-साथ द साबरमती रिपोर्ट और मासूम की दोबारा प्रस्तुति के साथ महोत्सव का समापन हुआ। दर्शकों ने गुलमोहर के निर्देशक राहुल चिट्टेला और शेखर कपूर के साथ सुखद प्रश्नोत्तरी सत्र में हिस्सा लिया।

भारतीय दूतावास ने जर्मन दर्शकों के उत्साहपूर्ण भागीदारी और समर्थन के लिए उनका हार्दिक आभार व्यक्त किया। इस तरह के आयोजन कला और सिनेमा की सार्वभौमिक भाषा के माध्यम से सांस्कृतिक आदान-प्रदान को सक्षम बनाने के साथ ही राष्ट्रों के बीच संबंधों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

**(रिपोर्ट, शाश्वत तिवारी)**

## सीएचसी मोतीपुर के सामने दो कार व एक बाइक जलकर राख

### नहीं पता चला आग लगने का कारण, एक सप्ताह पूर्व खरीदी थी सीएचसी अधीक्षक ने कार

**बहराइच। सा**मुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोतीपुर के सामने खड़ी एक चार पहिया वाहन में बुधवार आधी रात को आग लग गई। आग ने पास में खड़ी एक अन्य चार पहिया वाहन तथा एक बाइक को चपेट में ले लिया। देखते ही देखते सभी वाहन जल गए। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया।मोतीपुर थाना क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोतीपुर/मिहीपुरवा के सामने सीएचसी अधीक्षक के आवास के बाहर खडी ब्रेजा सीएनजी गाड़ी में आग लग गयी। अधीक्षक डॉक्टर मनु शर्मा ने बताया की रात में लगभग 12:30 डॉक्टर रोहित व डीएचइओ जुगल किशोर चौबे ने आग के बारे में जानकारी दी। नीचे जा कर देखा तो वाहन में आग भयानक रूप से लग चुकी थी। पास में स्थित डॉ आनंद की चार पहिया वाहन सुजुकी सिआज और डॉ अरबिंद कटियार की गाड़ी क्रेटा और जुगुल किशोर चौबे की गाड़ी बाइक बजाज सिटी 100 आग में जल गयी।मौके पर पुलिस ने पहुंच कर स्थानीय लोगों की मदद से आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन आग विकराल होने के कारण कोशिश नाकाम रही।

## पुलिस आयुक्त को बार एसोसिएशन इलाहाबाद के महासचिव ने लिखा पत्र

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज। इलाहाबा**द हाईकोर्ट की शिकायत की अनदेखी और कार्रवाई में ढिलाई के मामले में हाईकोर्ट बार एसोशिएसन के महासचिव ने पुलिस आयुक्त इलाहाबाद मंडल को कड़ा पत्र लिखकर एसएचओ के खिलाफ कार्रवाई को कहा है। मामला होलागढ़ थाना क्षेत्र का है।

मिली जानकारी के अनुसार, हाई कोर्ट इलाहाबाद के अधिवक्ता एलपी ओझा 'अचिन' के पैतृक गाँव में आबादी की जमीन को गाँव के ही कतिपय दबंग लोग उनके परिवार के बड़े दादा के लड़के से एक स्टाम्प पर खरीद कर पूरे जमीन पर शोरे पुस्ती के साथ कब्जा करने का प्रयास कर रहा हैं। इसकी शिकायत अधिवक्ता एल पी ओझा'अचिन व्दारा होलागढ थानाध्यक्ष से की गई लेकिन थानाध्यक्ष ने मामले को अभी तक दर्ज नही किया। इसकी शिकायत अधिवक्ता एल पी ओझा'अचिन ने हाईकोर्ट बार एसोसिएशन इलाहाबाद के अध्यक्ष एव महासचिव को पत्र लिखकर की। पत्र मिलने के बाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन इलाहाबाद के महासचिव ने थानाध्यक्ष होलागढ से फोन पर बात किया। बताया जा रहा है कि होलागढ थानाध्यक्ष के संतोष जनक उत्तर न देने पर महासचिव ने पुलिस आयुक्त प्रयागराज को बार के लेटर पैड पर अधिवक्ता की पूर्व शिकायत को गंभीरता पूर्वक लेकर दोषियो के विरूद्ध उचित कार्रवाई करने को कहा है।

## महाकुंभ स्नान पर्व की व्यवस्था पर की गई समीक्षा



**हनुमान प्रसाद शुक्ल**
**सबसे तेज प्रयागराज**

**लखनऊ। महाकुंभ**-2025 के सकुशल आयोजन के लिए अपर पुलिस महानिदेशक रेलवे प्रकाश डी0 ने डीआरएम (उत्तर रेलवे), शचीन्द्र मोहन शर्मा के साथ महाकुम्भ के पौष पूर्णिमा व मकर संक्रांति के पवित्र स्नान पर्व पर आए स्नानार्थियों के आवागमन व्यवस्था के अनुपालन पर चर्चा की गई एवं महाकुंभ 2025 के आगामी महत्वपूर्ण स्नान पर्व मौनी अमावस्या, वसन्त पंचमी आदि पर सुगम व सुरक्षित आवागमन हेतु विभिन्न रेलवे स्टेशन, प्लेटफार्म, यात्री हाल सहित स्टेशन परिसर के अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर उपलब्ध सुविधाओं के संदर्भ में विभिन्न बिन्दुओं पर विचार विमर्श किया। इस दौरान कई महत्वपूर्ण पहलुओं पर चर्चा हुई।

## फुटसल एशियाई कप में भारतीय टीम हांगकांग से हारी

एजेंसी

**योग्यकार्ता (इंडोनेशिया)।** अपना पहला अंतरराष्ट्रीय मैच खेल रही भारतीय महिला फुटसल टीम का एएफसी महिला फुटसल एशिया कप 2025 के लिए ग्रुप बी क्वालीफायर मुकाबले में हांगकांग से 0-5 से हार का सामना करना पड़ा। आज यहां योग्यकार्ता के अमंग रोगो स्पोर्ट्स हॉल में खेले गये मुकाबले में हांगकांग के लिए च्युंग वाइ की ने (13वें, 23वें, 40वें) मिनट में गोल दागकर हैट्रिक बनायी और वाइ यूएन टिंग ने (27वें) मिनट तथा कुंग यूएट चारिस ने (35वें) मिनट में किये गोल की बदौलत हांगकांग ने भारतीय टीम के खिलाफ जीत दर्ज की। मैच के दौरान भारतीय गोलकीपर तन्वी विजयकुमार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए हांगकांग के शुरुआती हमलों को विफल किया। भारतीय टीम अपना अगला मैच मेजबान इंडोनेशिया के खिलाफ खेलेगी।




## साकिब महमूद को इंग्लैंड के भारत दौरे के लिए मिला वीजा

**नई दिल्ली।** साकिब महमूद को आखिरकार भारत में इंग्लैंड की आगामी सीमित ओवरों की श्रृंखला के लिए अपना वीजा मिल गया है, जिसका अर्थ है कि वह बुधवार को होने वाले पहले टी20 मैच से पहले टीम के साथ कोलकाता जा सकेंगे। पाकिस्तानी मूल के महमूद को यात्रा दस्तावेज प्राप्त करने में देरी का सामना करना पड़ा, जिसके कारण वे संयुक्त अरब अमीरात में इंग्लैंड के प्रशिक्षण शिविर में भाग नहीं ले सके। हालांकि आदिल राशिद और रेहान अहमद को पहले ही अपना वीजा मिल गया था। लंकाशायर के इस तेज गेंदबाज को पहले भी इसी तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ा था, जब 2019 में इंग्लैंड की टीम भारत दौरे पर आई थी। 2024 में, वीजा की धीमी प्रक्रिया के कारण इंग्लैंड के ऑफ स्पिनर शोएब बशीर भी हैदराबाद में भारत के खिलाफ पहला टेस्ट मैच चूक गए थे। महमूद को भारत दौरे से पहले अबू धाबी में तेज गेंदबाजी सलाहकार जेम्स एंडरसन के नेतृत्व में एक तेज गेंदबाजी शिविर में भाग लेना था, जिसमें जोफ्रा आर्चर, गस एटकिंसन, ब्रायडन कार्स और मार्क वुड जैसे खिलाड़ी शामिल थे। 27 वर्षीय महमूद ने नवंबर में कैरिबियन में इंग्लैंड की टी20आई सीरीज के दौरान 10.55 की औसत से नौ विकेट लिया था, जिससे उन्हें प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया था।

## निक पोथास ने बांग्लादेश के सहायक कोच पद से दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश के सहायक कोच निक पोथास ने पारिवारिक कारणों का हवाला देते हुए अपने पद से इस्तीफ़ा दे दिया है। 2023 में बांग्लादेश के कोचिंग स्टाफ़ में शामिल होने वाले पोथास को शुरू में मार्च 2026 तक काम करने के लिए अनुबंधित किया गया था। हालाँकि, पूर्व दक्षिण अफ़्रीकी बल्लेबाज ने आगामी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 से पहले पद छोड़ने का फैसला किया। पोथास ने अपने फेसबुक पेज पर एक पोस्ट कर अपने इस्तीफे की घोषणा की। उन्होंने फेसबुक पर लिखा, सभी अच्छी चीजों की तरह, यह भी खत्म होना चाहिए। बांग्लादेश क्रिकेट टीम के साथ रहते हुए मैंने कुछ बेहतरीन लोगों के साथ शानदार समय बिताया है। हमने इस दौरान कई रिकॉर्ड तोड़े हैं, इतिहास रचा है और अद्भुत यादें बनाई हैं। अब घर पर कुछ बेहतरीन समय बिताने और यह देखने का समय है कि अगला अध्याय क्या लेकर आता है। मैं बांग्लादेश क्रिकेट के सभी लोगों को आने वाले रोमांचक वर्ष के लिए शुभकामनाएं देता हूं। मैं आपको मिस करूंगा। एक दशक से ज़्यादा लंबे कोचिंग करियर में पोथास वेस्टइंडीज़ (2018-2019) और श्रीलंका (2017-2018) दोनों के लिए मुख्य कोच के तौर पर काम कर चुके हैं।

## अखिल भारतीय शतरंज महासंघ ने विश्व चैंपियन गुकेश और रैपिड चैंपियन कोनेरू हम्पी को किया सम्मानित

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) ने एक भव्य समारोह में विश्व शतरंज चैंपियन गुकेश डोमराजू और विश्व रैपिड शतरंज चैंपियन कोनेरू हम्पी को सम्मानित किया। 18 वर्षीय गुकेश ने दिसंबर 2024 में सिंगापुर में आयोजित विश्व शतरंज चैंपियनशिप के फाइनल में चीन के डिंग लिरेन को हराकर इतिहास रच दिया था। वह विश्वनाथन आनंद के बाद यह खिताब जीतने वाले दूसरे भारतीय और सबसे युवा विश्व चैंपियन हैं।गुकेश को इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए 1 करोड़ रुपये का पुरस्कार दिया गया, जबकि उनकी सपोर्ट टीम के लिए 50 लाख रुपये की घोषणा की गई। महिला वर्ग में, कोनेरू हम्पी ने 2024 फिडे महिला विश्व रैपिड शतरंज चैंपियनशिप में इरेन सुकंदर को हराकर खिताब अपने नाम किया। 37 वर्षीय हम्पी को उनकी इस उपलब्धि के लिए 50 लाख रुपये का नकद पुरस्कार दिया गया। इसके अलावा, फिडे विश्व ब्लिट्ज शतरंज चैंपियनशिप 2024 में कांस्य पदक विजेता आर. वैशाली रमेशबाबू को भी 20 लाख रुपये का पुरस्कार प्रदान किया गया।

# भारतीय महिलाओं ने मलेशिया को तथा पुरुष टीम ने भूटान को हराया

एजेंसी

**नई दिल्ली।** खो खो विश्वकप में भारतीय महिलाओं ने मलेशिया को 80 अंको तथा पुरुष टीम ने भूटान को 37 अंक से हराया। इसी के साथ दोनों भारतीय टीमों ने क्वार्टरफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली हैं। आज यहां इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में भारतीय पुरुष टीम ने भूटान को 71-34 से हराया। इस जीत से भारत का ग्रुप ए में शीर्ष पर रहते हुए क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की कर ली है। मेजबान टीम ने पहले टर्न में ही शानदार आक्रमण करते हुए 32 अंक अर्जित किए। भारतीय टीम के स्काई डाइविंग कौशल विशेष रूप से उल्लेखनीय थे, जिसमें खिलाड़ियों ने पूरे मैच के दौरान उल्लेखनीय चपलता का प्रदर्शन किया दूसरे टर्न में, भारत ने अपनी रक्षात्मक विशेषज्ञता का प्रदर्शन किया और भूटान के हमलों को प्रभावी ढंग से रोका। भूटान की टीम गति के बावजूद, भारत के रणनीतिक खेल और चतुर प्रबंधन की बदौलत तीन बैचों में केवल 18 अंक ही हासिल कर पाई। तीसरे टर्न में भारत ने नए जोश के साथ आक्रमण मोड में वापसी की। निखिल अपनी असाधारण स्काई डाइविंग क्षमताओं के साथ एक बेहतरीन प्रदर्शनकर्ता के रूप में उभरे, जिससे टीम को 36 अंक हासिल करने में मदद मिली। भारतीयों ने अपने खोस में बेहतरीन समन्वय का प्रदर्शन किया, रनिंग टच और स्काई डाइव को प्रभावी ढंग से संयोजित किया। भूटान ने अपने अंतिम आक्रमणकारी मोड़ में संघर्ष किया और आधे से अधिक समय में केवल 9 अंक ही प्राप्त किए। भारत के समग्र प्रदर्शन में उनके आक्रमणकारी मोड़ों में 18 स्काई डाइव, 2 पोस्ट-डाइव पॉइंट और 8 रनिंग टच पॉइंट का प्रभावशाली टैली शामिल था। वही महिला वर्ग के मुकाबले में भारतीय महिला टीम ने रणनीति और कौशल के मास्टरक्लास में मलेशिया को एक शानदार जीत के साथ कुचल दिया। डिफेंडर भीलर ओपिनबेन और मोनिका के शानदार ड्रीम रन से शुरुआत करते हुए भारतीय टीम ने सभी चार टर्न पर अपना दबदबा बनाए रखा और 80 अंकों की शानदार जीत हासिल की। इस जीत ने भारत को ग्रुप ए में शीर्ष पर पहुंचा दिया और अब क्वार्टर फाइनल में उसका मुकाबला बंगलादेश से होगा। खेल की शुरुआत ड्रीम रन के साथ हुई, जिसमें पहले टर्न के बाद दोनों टीमें 6-6 से बराबरी पर थीं। भारत ने दूसरे टर्न में नियंत्रण हासिल किया और मलेशिया के पहले बैच को जल्दी से खत्म कर दिया और मोनिका और निर्मला भाटी के दमदार प्रदर्शन के जरिए 44-6 की बढ़त बना ली। सुभाश्री सिंह ने टर्न 3 में एक और ड्रीम रन का नेतृत्व किया और बढ़त को 48-20 तक पहुंचा दिया। अंतिम टर्न में भारत ने अपना दबदबा बनाए रखते हुए लगातार तीसरी जीत हासिल की। इससे पहले रणनीति और कौशल के बेहतरीन प्रदर्शन के साथ भारतीय महिला खो-खो टीम ने गुरुवार रात इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में जारी खो-खो विश्व कप 2025 में मलेशिया के खिलाफ शानदार जीत के साथ अपना अपराजित क्रम जारी रखा है। डिफेंडर भीलर ओपिनबेन और मोनिका के शानदार ड्रीम रन से शुरुआत करते हुए भारतीय टीम ने चारों टर्न पर अपनी ताकत दिखाई और आखिरकार 80 अंकों की शानदार जीत हासिल की।




## स्कूलकेट को हराकर सिनर ऑस्ट्रेलियन ओपन के तीसरे दौर में



एजेंसी

**मेलबर्न।** इटली के टेनिस स्टार जैनिक सिनर और जैस्मीन पाओलिनी ने ऑस्ट्रेलियन ओपन 2025 में अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्ज कर टूर्नामेंट के तीसरे दौर में पहुंच गये है। आज यहां खेले गये मुकाबले में गत चैंपियन और विश्व नंबर वन खिलाड़ी सिनर ने 23 वर्षीय स्कूलकेट के खिलाफ खराब शुरुआत से उबरते हुए 4-6, 6-4, 6-1, 6-3 से जीत दर्ज की। मैच के बाद के साक्षात्कार में सिनर ने कहा, मुझे लगा कि वह वास्तव में अच्छी सर्विस कर रहा था और शुरुआत में मुझसे कहीं बेहतर खेल रहा था।यह एक बहुत ही खास जगह है, विशेषकर जब ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी अपने घरेलू दर्शकों के सामने खेल रहा हो। इस बीच महिला वर्ग के एकल मुकाबले में इटली की जैस्मीन पाओलिनी ने गति, कौशल का शानदार प्रदर्शन करते हुए मेक्सिको की रेनाटा जराजुआ को 6-2, 6-3 से हराया। मैच के बाद पाओलिनी ने कहा, मैं इस कोर्ट पर खेलने के लिए स्वयं को बहुत भाग्यशाली महसूस करती हूं। रोशनी की वजह से यहाँ बहुत गर्मी है। मैं यहाँ अपनी पहली जीत वाकई बहुत खुश हूँ।

## उत्तम प्रदर्शन करने वाले 25 क्रिकेट खिलाड़ियों का सम्मान

एजेंसी

**भरतपुर।** राजस्थान में भरतपुर में भरतपुर जिला क्रिकेट संघ की ओर से आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम में अंडर 16 एवं अंडर 19 टीमों के 25 खिलाड़ियों का सम्मान किया गया। क्रिकेट संघ के प्रवक्ता ने बताया कि कार्यक्रम में भारतीय क्रिकेट टीम के सदस्य अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर दीपक चाहर और रवि विश्नोई के साथ गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेडम भी उपस्थित रहे।

प्रवक्ता ने बताया कि कार्यक्रम में दीपक चाहर ने भरतपुर के क्रिकेट खिलाडियों के रणजी ट्राफी साथ राष्ट्रीय स्तर पर अंडर-19 में खेलने पर प्रसन्नता जाहिर की। क्रिकेटर रवि विश्नोई ने भरतपुर के क्रिकेट खिलाड़ियों के सभी स्तर पर अच्छा प्रदर्शन करने का जिक्र करते कहा कि इसमें जिला क्रिकेट संघ की महती भूमिका रही है। इस अवसर पर जिला क्रिकेट संघ के सचिव शत्रुघन तिवारी सहित संघ के पदाधिकारियों ने आगन्तुक अतिथियों का स्वागत किया।




## डब्ल्यूपीएल के मैच चार शहरों में खेले जायेंगे: बीसीसीआई

एजेंसी

**मुम्बई।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने बताया कि वीमेंस प्रीमियर लीग (डब्लयूपीएल) 2025 के सभी 22 मुकाबले बड़ौदा, बेंगलुरू, लखनऊ और मुंबई में खेलें जायेंगे। बीसीसीआई ने कहा कि 14 फरवरी से 15 मार्च के बीच होने वाले सभी मुकाबलों का आयोजन बड़ौदा, बेंगलुरू, लखनऊ और मुंबई में होगा। यह पहली बार होगा जब यह टूर्नामेंट चार शहरों में खेला जायेगा।

डब्लयूपीएल तीसरे सीजन का का पहला मैच 14 फरवरी से बड़ौदा के बीसीए स्टेडियम में गत विजेता रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (आरसीबी) और मेजबान गुजरात जायंट्स (जीजी) के बीच होगा। बड़ौदा में कुल छह मैच खेले जाएंगे और सभी पांच टीमें दो-दो मैच खेलेंगी। इसके बाद बेंगलुरू के चिन्नास्वामी स्टेडियम में 21 फरवरी को आरसीबी और मुंबई इंडियंस (एमआई) का मैच होगा। बेंगुलुरू में सर्वाधिक आठ मैच खेले जाएंगे और एक मार्च को वहां अंतिम मैच दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) और मेजबान आरसीबी के बीच आयोजित होगा। टूर्नामेंट के तीसरे चरण में लखनऊ में मेजबान यूपी वॉरियर्स की टीम तीन मार्च को जीजी से मुकाबीला करेगी। लखनऊ में चार मैच होंगे और आठ मार्च को वहां यूपी और आरसीबी के बीच मैच होगा। इसके बाद अंतिम दौर के मैच मुंबई के ब्रेब्रोन स्टेडियम में एलिमिनेटर और फाइनल सहित कुल चार मैच खेले जाएंगे। एलिमिनेटर 13 मार्च और फाइनल 15 मार्च को होगा।




## पीटी उषा ने रखा प्रस्ताव, बोलीं- 'ओलंपिक, राष्ट्रमंडल और एशियाई खेलों की स्पर्धा को ही राष्ट्रीय खेलों में शामिल किए जाए'

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा ने प्रस्ताव रखा कि केवल ओलंपिक, राष्ट्रमंडल और एशियाई खेलों में शामिल खेलों को ही भविष्य के राष्ट्रीय खेलों में शामिल करने पर विचार किया जाए। इस कदम का उद्देश्य 'कई क्षेत्रीय खेलों' को पदक स्पर्धाओं में शामिल होने से रोकना है। उषा ने कहा कि वह आईओए की अगली आम सभा में इस प्रस्ताव को आगे बढ़ाने का इरादा रखती हैं। आईओए अध्यक्ष ने अपने प्रस्ताव में यह भी कहा कि केवल उन्हीं खेलों को कार्यक्रम में शामिल किया जाना चाहिए जिनकी संचालन संस्था राष्ट्रीय खेलों के शुरू होने से एक साल पहले आईओए के साथ राष्ट्रीय महासंघ के रूप में 'अच्छी स्थिति' में हो। इसका मतलब यह हो सकता है कि जिस राष्ट्रीय खेल महासंघ (एनएसएफ) का खेल राष्ट्रीय खेलों में पदक सूची में शामिल होगा उसे आईओए से मान्यता प्राप्त होना चाहिए और उसके चुनाव भी होने चाहिए। इसके अलावा उसकी स्थिति में कोई कानूनी विवाद नहीं होना चाहिए और संबद्धता शुल्क जमा करना होगा। उषा ने आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा, ''हाल के खेलों में प्रदर्शनी खेलों के रूप में स्वदेशी क्षेत्रीय खेलों को शामिल करना एक उल्लेखनीय विशेषता रही है जिसका उद्देश्य स्थानीय दर्शकों को आकर्षित करना और क्षेत्रीय खेल संस्कृति को बढ़ावा देना है।'' उन्होंने कहा, ''हालांकि पिछले खेलों के दौरान कई क्षेत्रीय खेलों को खेल तकनीकी संचालन समिति (जीटीसीसी) द्वारा पदक कार्यक्रम में शामिल किया गया था। आईओए इन खेलों के महत्व को पहचानता है लेकिन प्रदर्शनी और पदक स्पर्धाओं के बीच स्पष्ट अंतर बनाए रखने की आवश्यकता पर जोर देता है।'' आईओए अध्यक्ष ने इस तथ्य को रेखांकित किया कि राष्ट्रीय खेलों के पदक विजेता राज्य और केंद्र सरकार की नौकरियों में आरक्षण, मूल वेतन में वृद्धि और पुरस्कार राशि जैसे लाभ के हकदार हैं जिससे पदक स्पर्धाओं को प्रमुख अंतरराष्ट्रीय खेल स्पर्धाओं में मान्यता प्राप्त खेलों के साथ जोड़ना और भी आवश्यक हो जाता है। उन्होंने बयान में कहा, ''प्रस्ताव में सिफारिश की गई है कि आगामी ओलंपिक खेलों, राष्ट्रमंडल खेलों और एशियाई खेलों में शामिल किए गए खेलों को ही राष्ट्रीय खेलों में शामिल करने पर विचार किया जाए, बशर्ते कि आईओए से मान्यता प्राप्त संबंधित राष्ट्रीय महासंघ खेलों के शुरू होने से कम से कम एक वर्ष पहले आईओए के साथ अच्छी स्थिति में हो।''



## चार्ली डीन डब्ल्यूपीएल 2025 में आरसीबी के लिए खेलेंगी




एजेंसी

**नई दिल्ली।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने आगामी वूमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2025 के लिए चोटिल सोफी मोलिनक्स की जगह इंग्लैंड की ऑलराउंडर चार्ली डीन को टीम में शामिल किया है।

ऑस्ट्रेलिया की बाएं हाथ की स्पिनर मोलिनक्स घुटने की चोट को लेकर सर्जरी के कारण इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू एशेज सीरीज से बाहर हो गई हैं। डीन को पिछले वर्ष अक्टूबर-नवंबर में डब्ल्यूबीबीएल के दौरान उन्होंने घुटने की समस्या सामना करना पड़ा था। उन्होंने मेलबर्न रेनेगेड्स की कप्तानी होने के बावजूद वह 11 में से चार मैच नहीं खेली। डीन ने इंग्लैंड के लिए खेले 36 टी-20 में 18.19 की शानदार औसत से 46 विकेट लिए हैं। उनका डब्ल्यूपीएल में पर्दापण होना है। उल्लेखनीय है कि डब्ल्यूपीएल की शुरुआत सात फरवरी से शुरु होंगे।

## धीमी ओवर गति के लिए आयरलैंड महिला टीम पर मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना

एजेंसी

**राजकोट।** अंतराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने भारत के खिलाफ खेले गये तीसरे एकदिवसीय मैच में धीमी ओवर गति के लिए आयरलैंड की टीम पर मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है।एमिरेट्स आईसीसी अंतरराष्ट्रीय पैनल की मैच रेफरी जी एस लक्ष्मी ने तय समय से दो ओवर कम डालने पर आयरलैंड पर यह जुर्माना लगाया।

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने एक बयान में कहा कि खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहायक कर्मियों के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के अनुसार खिलाड़ियों पर उनके द्वारा निर्धारित समय के भीतर गेंदबाजी पूरी नहीं करने पर प्रत्येक ओवर के लिए मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है। जो न्यूनतम ओवर गति अपराधों से संबंधित है। आयरलैंड की कप्तान गैबी लुईस ने प्रस्तावित जुर्माने को स्वीकार कर लिया। इसलिए औपचारिक सुनवाई की कोई आवश्यकता नहीं रही।गौरतलब है कि बुधवार को खेले गए मैच में भारत ने तीसरा वनडे रिकॉर्ड 304 रन से जीतकर सीरीज 3-0 से अपने नाम कर ली। यह महिला वनडे में मेजबान टीम की सबसे बड़ी जीत भी थी। भारत की शानदार जीत की आधारशिला प्रतिका रावल (154) और स्मृति मंधाना (135) दोनों के शतकों से रखी गयी। भारत ने पांच विकेट गंवाकर 435 का विशाल स्कोर बनाया, जो महिला वनडे में उनका अब तक का सबसे बड़ा स्कोर है। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करने मैदान में उतरी आयरलैंड टीम को भारतीय गेंदबाजों ने 31.4 ओवर में 131 रन पर ढेर कर दिया।




## इंग्लैंड सीरीज के लिए सितांशु कोटक होंगे भारतीय टीम के बल्लेबाज कोच

एजेंसी

**मुम्बई।** सितांशु कोटक को सीमित ओवरों की सीरीज और चैंपियंस से पहले आगामी 22 जनवरी से इंग्लैंड के खिलाफ शुरू होने वाली घरेलू श्रृंखला के लिए टीम का बल्लेबाजी कोच बनाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सौराष्ट्र के पूर्व बल्लेबाज सितांशु कोटक भारत के बल्लेबाजी कोच बनने को तैयार हैं। वह मुख्य कोच गौतम गंभीर के कोचिंग स्टाफ के पांचवें सहायक सदस्य होंगे। 52 वर्षीय कोटक को 20 साल के प्रथम श्रेणी क्रिकेट का अनुभव है। उन्होंने 2013 में संन्यास लिया था। वह 2019 से ही एनसीए में एक बल्लेबाजी कोच के तौर पर जुड़े हैं।

उन्होंने इंडिया ए के कई दौरों पर प्रमुख कोच की भी भूमिका निभाई है। वह 2023 में आयरलैंड दौरे पर भारत की सीनियर टीम के भी कोच थे। उल्लेखनीय है कि बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में मिली करारी हार के बाद पिछले सप्ताह भातीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने एक समीक्षा बैठक बुलाई थी। बैठक में भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने बल्लेबाजी कोच रखने का सुझाव दिया था।



## खो-खो के खेल ने मेरा पूरा जीवन बदल दिया :रामजी कश्यप

एजेंसी

**नई दिल्ली।** खो-खो विश्व कप में भारतीय पुरुष टीम का शानदार प्रदर्शन जारी है। भूटान के खिलाफ जीत में अहम भूमिका निभाने वाले भारतीय ऑलराउंडर रामजी कश्यप ने संवाददाता सुनील दुबे से विशेष बातचीत की। रामजी ने अपने जीवन की संघर्षपूर्ण यात्रा और खो-खो के खेल से जुड़े अनुभव साझा किए।

मैं महाराष्ट्र के छोटे से गांव बेलापुर से हूं। जब मैं पांचवीं कक्षा में था, तो मेरी दौड़ने की गति बहुत तेज थी। मेरे एक शिक्षक ने मुझसे कहा, तू बहुत तेज भागता है, खो-खो खेलेगा क्या? मैंने तुरंत हां कहा और वहीं से मेरी खो-खो की यात्रा शुरू हुई। इसके बाद मैंने मेहनत जारी रखी और अब तक 11 राष्ट्रीय टूर्नामेंटों में खेल चुका हूं।शुरुआती दिनों में यह सफर बेहद मुश्किल था। क्लब स्तर पर खेलते समय मेरे माता-पिता ने मेरा समर्थन नहीं किया। वे चाहते थे कि मैं पढ़ाई करूं और नौकरी तलाशूं, क्योंकि हमारी आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं थी। मेरे पिताजी बिस्किट के बॉक्स बनाते थे। हालांकि, मेरी बहन और बड़े भाई ने मेरा पूरा साथ दिया। उन्होंने कहा कि घर की जिम्मेदारी वे संभालेंगे और मुझे खेल पर ध्यान देना चाहिए। जब 2017 में भारतीय टीम में मेरा चयन हुआ, तब मेरे पास इतने पैसे भी नहीं थे कि मैं खेल के लिए जूते खरीद सकूं। मेरे कोच सोमा सर ने मेरी काफी मदद की। उन्होंने यात्रा का किराया दिया और जूते भी दिलवाए। उनके सहयोग के बिना मैं यहां तक नहीं पहुंच पाता। जब मेरा चयन नेशनल टीम में हुआ, तब सुविधाएं बहुत कम थीं। लेकिन फिर अल्टीमेट खो-खो लीग आई, जिसमें मैं दो साल तक बेस्ट प्लेयर रहा। इस खेल ने मुझे न केवल पहचान दिलाई, बल्कि रेलवे में नौकरी भी दी। आज मैं भारत का प्रतिनिधित्व कर रहा हूं और यह सब खो-खो की वजह से ही संभव हो पाया है। इस खेल ने सचमुच मेरा पूरा जीवन बदल दिया है। मेरी प्राथमिकता यही है कि मैं देश के लिए और बेहतर प्रदर्शन करूं और खो-खो को दुनिया में और ऊंचाई तक पहुंचाने में योगदान दूं। मैं चाहता हूं कि युवा खिलाड़ी इस खेल को अपनाएं और इसे अपनी पहचान बनाएं।



## फिजिकली डिसेबल्ड क्रिकेट चैंपियंस ट्रॉफी 2025: भारत ने पाकिस्तान को 5 विकेट से हराया

एजेंसी

**कोलंबो।** फिजिकली डिसेबल्ड क्रिकेट चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में भारत का अपराजेय क्रम चौथे दिन पाकिस्तान पर 5 विकेट की जीत के साथ जारी रहा। यह मैच एफटीजेड क्रिकेट ग्राउंड, कटुनायके में आयोजित किया गया था, जिसमें भारतीय टीम ने एक और उल्लेखनीय जीत दर्ज की। मैच में टॉस जीतकर पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया और 20 ओवर में 138/5 का प्रतिस्पर्धी स्कोर बनाया। जीतेंद्र वी.एन. ने शानदार गेंदबाजी की और 4 ओवर में 25 रन देकर 3 विकेट लिए, जबकि नरेंद्र मंगोर और सनी ने एक-एक विकेट लेकर टीम का बहुमूल्य साथ दिया। सैफ उल्लाह ने 51 गेंदों पर 58 रनों की ठोस पारी खेलकर पाकिस्तान की पारी को संभाला। भारत की ओर से राजेश कन्नूर ने शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने 52 गेंदों पर 10 चौके और एक छक्के की मदद से 74 रनों की शानदार नाबाद पारी खेली और भारत को 18 ओवर में 141/5 का स्कोर बनाने में मदद की। नियमित अंतराल पर विकेट खोने के बावजूद, कन्नूर के संयमित रवैये ने सुनिश्चित किया कि टीम आसानी से लक्ष्य तक पहुँच जाए। उनके असाधारण प्रदर्शन ने उन्हें मैन ऑफ द मैच का खिताब दिलाया। स्वयम की संस्थापक-अध्यक्ष स्मिनू जिंदल ने कहा, इस टूर्नामेंट में भारत का प्रदर्शन असाधारण रहा है। प्रत्येक मैच उन क्रिकेटरों की क्षमता को दर्शाता है जो चुनौतियों से ऊपर उठते हैं और जुनून के साथ प्रदर्शन करते हैं। डीसीसीआई के साथ हमारी साझेदारी खेलों में समावेशिता को बढ़ावा देने पर केंद्रित है, और टीम की सफलता दर्शाती है कि जब अवसर सुलभ हों तो क्या संभव है। उनकी उपलब्धियाँ देश भर में अनगिनत व्यक्तियों को प्रेरित करेंगी। मैन ऑफ़ द मैच राजेश कन्नूर ने कहा, मैं जीत में अहम भूमिका निभाकर रोमांचित हूँ। इस टूर्नामेंट में टीम की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान देकर बहुत अच्छा लग रहा है। हमारे गेंदबाजों ने पाकिस्तान को रोकने का शानदार काम किया, जिससे हमें लक्ष्य का पीछा करने के लिए ध्यान केंद्रित करने का आत्मविश्वास मिला। मैं बस शांत रहना चाहता था, अपने शॉट्स चुनना चाहता था और टीम को जीत दिलाना चाहता था। हर खेल आगे बढ़ने और अपनी स्थिति को मजबूत करने का एक अवसर है, और मैं इस फॉर्म को जारी रखने के लिए उत्सुक हूँ। भारतीय कप्तान विक्रांत केनी ने कहा, हमारा प्रदर्शन इस टीम की ताकत और दृढ़ संकल्प को दर्शाता है। पाकिस्तान को नियंत्रण में रखने में जीतेंद्र की गेंदबाजी अहम रही और राजेश की बल्लेबाजी बेहतरीन रही। उनकी पारी ने न केवल लक्ष्य का पीछा करने में हमारी मदद की बल्कि हमें आत्मविश्वास के साथ खेल खत्म करने की गति भी दी। टीम इस जीत की लय को बनाए रखने के अपने लक्ष्य को लेकर एकजुट है और हम आगे की चुनौतियों को लेकर उत्साहित हैं। लगातार चार जीत के साथ भारत ने खुद को चैंपियनशिप के लिए एक मजबूत दावेदार के रूप में स्थापित कर लिया है। टीम का अगला मुकाबला 18 जनवरी को इंग्लैंड से होगा।



## ट्रंप ने इजरायल-हमास समझौते पर दी प्रतिक्रिया, की बंधकों की जल्द रिहाई की बात

एजेंसी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इजरायल और हमास के बीच समझौता वाली खबर पर प्रतिक्रिया व्यक्त की, जिसमें कहा गया है कि हमास द्वारा बंधक बनाए गए बंधकों को मुक्त कराने के लिए एक समझौता हुआ है और ट्रंप ने कहा कि बंधकों को जल्द ही रिहा किया जाएगा। ट्रंप ने सोशल मीडिया साइट ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में लिखा



कि 'हमारे पास मध्य पूर्व में बंधकों के लिए एक समझौता है। उन्हें शीघ्र ही रिहा कर दिया जाएगा। धन्यवाद!' मौजूदा अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के प्रशासन ने इस नवीनतम विकास के संबंध में अबतक औपचारिक रूप से कोई सार्वजनिक घोषणा नहीं की है।

## 110 फिलिस्तीनियों के बदले गाजा से नौ बंधकों को रिहा किया जाएगा : दस्तावेज

**गाजा।** इज़राइल में आजीवन कारावास की सजा पाए 110 फिलिस्तीनी कैदियों के बदले में गाजा पट्टी से नौ बंधकों को रिहा किया जाएगा। यह जानकारी स्पुतनिक को हमास के प्रवक्ता द्वारा दिए गए एक दस्तावेज से प्राप्त हुई। दस्तावेज़ में कहा गया कि आजीवन कारावास की सजा पाए 110 फ़िलिस्तीनी कैदियों की रिहाई के बदले में 33 में



से नौ बीमार एवं घायल बंधकों को रिहा किया जाएगा। दस्तावेज़ के अनुसार, इज़रायल 08 अक्टूबर, 2023 के बाद हिरासत में लिए गए गाजा पट्टी के 1,000 कैदियों को रिहा करेगा और समझौते के पहले चरण में गाजा पट्टी और मिस्र के बीच सीमा पर फिलाडेल्फी कॉरिडोर में अपने सैनिकों की संख्या धीरे-धीरे कम करेगा।

## म्यांमार में खदान ढहने से मरने वालों की संख्या बढ़कर 22 हुई

**यांगून।** उत्तरी म्यांमार के काचिन प्रांत में एक जेड खदान ढहने से मरने वालों की संख्या बढ़कर 22 हो गयी है। एक पुलिस अधिकारी ने शिन्हुआ को बताया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि सोमवार को 13 शव बरामद किए गए और मंगलवार को नौ और शव बरामद किए गए। उन्होंने बताया कि बचाव प्रयास भी जारी थे। यह दुर्घटना सोमवार को हपाकांत टाउनशिप में



खनन क्षेत्र में एक मिट्टी का तालाब ढह जाने से हुई। अधिकारी ने बताया कि दुर्घटना के कारण कुल 57 घर भी मिट्टी में दब गए। उन्होंने कहा कि गिरी हुई मिट्टी की मात्रा बड़ी है, इसलिए बचावकर्मियों को नीचे दबे लोगों को बाहर निकालने में मुश्किलो का सामना करना पड़ रहा है।

## रूस ने 14 एटीएसीएमएस, स्ट्रोम शैडो मिसाइलों को मार गिराया

**मॉस्को।** रूस के युद्ध समूह जापद बैटलग्रुप ने 600 यूक्रेनी सैनिकों को मार गिराया है और डोनेट्स्क पीपुल्स रिपब्लिक (डीपीआर) में टर्नी बस्ती पर नियंत्रण कर लिया है। रूसी रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, दुश्मन के नुकसान में 600 सैनिक, एक टैंक, आठ बख्तरबंद लड़ाकू वाहन शामिल है, जिनमें दो अमेरिका निर्मित एम113 और एक तुर्की निर्मित किरपी, 13 मोटर वाहन और पांच तोपें शामिल है, जिनमें दो नाटो देशों द्वारा निर्मित है। बयान में कहा गया है कि तीन गोला बारूद डिपो और चार इलेक्ट्रॉनिक युद्ध स्टेशन नष्ट कर दिए गए। समूह ने डीपीआर में टर्नी बस्ती पर नियंत्रण कर लिया है। मंत्रालय ने कहा कि रूस के युग समूह ने अधिक लाभप्रद स्थिति हासिल कर ली है तथा यूक्रेनी सशस्त्र बलों के 220 से अधिक सैनिकों और चार बख्तरबंद वाहनों को मार गिराया है। रूस के वोस्तोक समूह ने 220 यूक्रेनी सैनिकों और एक क्रैब स्व-चालित तोपखाने इकाई को नष्ट कर दिया। मंत्रालय ने कहा कि रूस के सेंट्र युद्ध समूह ने अग्रिम पंक्ति में अपनी स्थिति में सुधार किया है और 500 यूक्रेनी सैन्य कर्मियों और एक बख्तरबंद लड़ाकू वाहन को खत्म कर दिया है।

# बांग्लादेश के सुप्रीम कोर्ट ने जिया अनाथालय ट्रस्ट मामले में खालिदा को बरी किया

एजेंसी

**ढाका।** बांग्लादेश के सुप्रीम कोर्ट ने बहुचर्चित जिया अनाथालय ट्रस्ट में हुए भ्रष्टाचार के मामले में हाई कोर्ट और ट्रायल कोर्ट के फैसले को खारिज करते हुए पूर्व प्रधानमंत्री और बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की अध्यक्ष खालिदा जिया को आज बरी कर दिया। हाई कोर्ट ने उन्हें 10 वर्ष जेल की सजा सुनाई थी। सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस सैयद रेफअत अहमद ने सुबह करीब पौने नौ बजे फैसला सुनाया। बांग्लादेश के समाचार पत्र प्रोथोम अलो की खबर के अनुसार, हाई कोर्ट के फैसले के खिलाफ 79 वर्षीय खालिदा जिया की अपील की समीक्षा के बाद प्रधान न्यायाधीश डॉ. सैयद रेफात अहमद की अध्यक्षता वाली पांच सदस्यीय पीठ ने यह फैसला सुनाया। पीठ ने खालिदा जिया, उनके पुत्र तारिक रहमान सहित सभी दोषियों को बरी कर दिया। तारिक बीएनपी के कार्यवाहक अध्यक्ष हैं। खालिदा जिया के वकील जॉयनुल आबेदीन ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने ट्रायल कोर्ट और हाई कोर्ट के फैसले को खारिज कर दिया। उन्होंने बताया कि हाई कोर्ट ने 30 अक्टूबर 2018 को खालिदा जिया की ट्रायल कोर्ट की पांच साल की कैद की सजा को बढ़ाकर 10 साल कर दिया था। 14 मार्च, 2019 को खालिदा जिया ने फैसले के खिलाफ दो अलग-अलग याचिका दायर की थी। सुप्रीम कोर्ट के अपीलीय प्रभाग ने 11 नवंबर को खालिदा जिया की याचिका को मंजूर करते हुए फैसले पर प्रतिबंध लगा दिया था। उल्लेखनीय है कि भ्रष्टाचार निरोधक आयोग ने तीन जुलाई, 2008 को जया अनाथालय ट्रस्ट में हुए भ्रष्टाचार का मामला उजागर किया था। इसमें खालिदा जिया पर एक विदेशी बैंक के माध्यम से अनाथों के लिए अनुदान के रूप में प्राप्त 21 मिलियन टका से अधिक का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया गया था। आठ फरवरी, 2018 को विशेष न्यायाधीश कोर्ट-5 ने फैसला सुनाया और खालिदा जिया को 5 साल की सजा सुनाई। उनके बड़े बेटे और बीएनपी के कार्यवाहक अध्यक्ष तारिक रहमान, पूर्व संसद सदस्य काजी सलीमुल हक कमाल, पूर्व प्रमुख सचिव कमालुद्दीन सिद्दीकी, व्यवसायी शरफुद्दीन अहमद को 10 साल कैद की सजा सुनाई थी। खालिदा जिया ने 2018 में ट्रायल कोर्ट की सजा के फैसले खिलाफ हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। हाई कोर्ट ने खालिदा जिया की अपील खारिज कर उनकी पांच साल कैद की सजा को भी बढ़ाकर 10 साल कर दिया था।उल्लेखनीय है कि भ्रष्टाचार निरोधक आयोग ने तीन जुलाई, 2008 को जया अनाथालय ट्रस्ट में हुए भ्रष्टाचार का मामला उजागर किया था। इसमें खालिदा जिया पर एक विदेशी बैंक के माध्यम से अनाथों के लिए अनुदान के रूप में प्राप्त 21 मिलियन टका से अधिक का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया गया था। आठ फरवरी, 2018 को विशेष न्यायाधीश कोर्ट-5 ने फैसला सुनाया और खालिदा जिया को 5 साल की सजा सुनाई। उनके बड़े बेटे और बीएनपी के कार्यवाहक अध्यक्ष तारिक रहमान, पूर्व संसद सदस्य काजी सलीमुल हक कमाल, पूर्व प्रमुख सचिव कमालुद्दीन सिद्दीकी, व्यवसायी शरफुद्दीन अहमद को 10 साल कैद की सजा सुनाई थी। खालिदा जिया ने 2018 में ट्रायल कोर्ट की सजा के फैसले खिलाफ हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। हाई कोर्ट ने खालिदा जिया की अपील खारिज कर उनकी पांच साल कैद की सजा को भी बढ़ाकर 10 साल कर दिया था।उपयोग और किराये (व्हीलिंग चार्ज) का भुगतान करेगा। इस बात पर अभी सहमति नहीं बन पाई है।

## विदेश राज्यमंत्री मार्घेरिटा ने फिलीपींस में प्रवासी भारतीय समुदाय से की बातचीत



एजेंसी

**मनीला।** भारतीय विदेश राज्यमंत्री पवित्र मार्घेरिटा ने अपने सात दिवसीय आधिकारिक विदेश दौरे में फिलीपींस के राष्ट्रपति बोंगबोंग मार्कोस से यहां मुलाकात की। इस बैठक में भारत और फिलीपींस के बीच लंबे समय से चले आ रहे मित्रतापूर्ण संबंधों को और मजबूत करने पर चर्चा हुई। उन्होंने फिलीपींस में प्रवासी भारतीय समुदाय से भी बातचीत की। इसके अलावा मंत्री ने मनीला स्थित मिरियम कॉलेज के छात्रों और शिक्षकों के साथ एक संवाद कार्यक्रम में भाग लिया।

उन्होंने फिलीपींस में बसे प्रवासी भारतीय समुदाय के विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक और व्यावसायिक संगठनों के साथ भी विचार-विमर्श किया। गुरुवार को मार्घेरिटा प्रशांत महासागर के महत्वपूर्ण द्वीप राष्ट्र पलाऊ के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति के शपथ ग्रहण समारोह में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

## बांग्लादेश हाईकोर्ट ने उल्फा नेता परेश बरुआ की उम्रकैद की सजा को घटाकर 14 साल किया

एजेंसी

**ढाका।** बांग्लादेश हाईकोर्ट ने उल्फा नेता परेश बरुआ को लेकर अहम फैसला सुनाया है। कोर्ट ने उनके आजीवन कारावास की सजा को घटाकर 14 साल कर दिया है। इससे पहले कोर्ट ने उनकी मौत की सजा को रद्द कर दिया था और उसे आजीवन कारावास में बदल दिया था।

अटॉर्नी जनरल के ब्यूरो के एक अधिकारी ने कहा कि बांग्लादेश हाईकोर्ट ने दो दशक पहले असम में अलगाववादी समूह के ठिकानों पर हथियारों से भरे ट्रकों की तस्करी करने के प्रयास के सिलसिले में उल्फा नेता परेश बरुआ की उम्रकैद की अवधि को 14 साल कर दिया है। साथ ही चार बांग्लादेशियों की आजीवन कारावास की सजा को माफ कर दिया है। हाईकोर्ट ने बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के पूर्व गृह राज्य मंत्री लुत्फुज्जमां



बाबर और पांच अन्य को बरी कर दिया, जिन्हें इसी मामले में आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। पीठ ने अन्य तीन आरोपियों की अपील को भी समाप्त घोषित कर दिया, क्योंकि उनकी मृत्यु हो गई थी। बतादें कि अप्रैल 2004 में ट्रक भर हथियार जब्त किए गए थे, जिन्हें चटगांव के माध्यम से पूर्वोत्तर भारत में उल्फा के ठिकानों पर ले जाया जा रहा था। जब्त किए गए हथियारों में 27,000 से अधिक ग्रेनेड, 150 रॉकेट लांचर, 11 लाख से अधिक गोला-बारूद, 1,100 सब मशीन गन और 11.41 मिलियन गोलियां शामिल थीं। इसी मामले में कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी।

## श्रीलंका के राष्ट्रपति की बीजिंग में शी जिनपिंग से हुई मुलाकात

एजेंसी

**बीजिंग।** श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके चीन की चार दिवसीय राजकीय यात्रा के दूसरे दिन आज यहां चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने पारस्परिक हितों पर चर्चा की। दिसानायके उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल के साथ सुबह बीजिंग पहुंचे। चीन की सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने शी जिनपिंग और दिसानायके से हुई बातचीत की संक्षिप्त जानकारी दी है। खबर में बातचीत का विवरण साझा नहीं किया गया। श्रीलंका के अधिकारियों का कहना है कि शी जिनपिंग से बातचीत होने के बाद अब दोनों पक्षों के बीच समझौतों पर हस्ताक्षर होने की उम्मीद है।

दिसानायके का बीजिंग पहुंचने पर चीन के उप विदेशमंत्री चेन जियाओदोंग ने स्वागत किया।





दिसानायके ने आज एक्स पर लिखा, 'मुझे अपनी राजकीय यात्रा के दौरान चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के इतिहास को दर्शाती प्रदर्शनी देखने का सौभाग्य मिला। निमंत्रण के लिए राष्ट्रपति शी का आभारी हूं। इस दौरान ऐतिहासिक प्रिंस कुंग पैलेस का भ्रमण और माओत्से तुंग स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित करने का विशेष अवसर मिला।'

## पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में चार आतंकवादी मारे गए



एजेंसी

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के सुरक्षाबलों ने आज खैबर पख्तूनख्वा के उत्तरी वजीरिस्तान जिले के सामान्य क्षेत्र स्पिनवाम में चार आतंकवादियों को मार गिराया। सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने इसकी पुष्टि की। आईएसपीआर ने कहा कि सुरक्षाबलों को यह कामयाबी 14/15 जनवरी की रात खुफिया आधारित अभियान में मिली। 'एआरवाई न्यूज' चैनल के अनुसार, सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों के ठिकाने को घेरकर ताबड़तोड़ गोलीबारी की। इस दौरान चार आतंकवादी मारे गए। आतंकियों के ठिकाने से हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किया गया। इससे पहले मंगलवार को सुरक्षा बलों ने प्रांत के टैंक और खैबर जिलों में दो खुफिया आधारित अभियानों में आठ आतंकवादियों को मार गिराया था।

## दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति येओल से ढाई घंटे तक हुई पूछताछ, बयान देने से इनकार

एजेंसी

**सियोल।** दक्षिण कोरिया के भ्रष्टाचार जांच कार्यालय (सीआईओ) के अधिकारियों ने सुबह हिरासत में लिये गए राष्ट्रपति यून सुक येओल से पूछताछ शुरू कर दी। येओल को राष्ट्रपति आवास से हिरासत में लेने के बाद ग्योंगगी प्रांत के ग्वाचेओन स्थित सीआईओ मुख्यालय ले जाया गया। यहां ढाई घंटे तक उनसे पूछताछ की गई। सीआईओ के डिप्टी प्रमुख ली जे-सेउंग के नेतृत्व में अधिकारियों ने सुबह करीब 11 बजे यून सुक येओल से पूछताछ शुरू की। इस दौरान येओल के वकील भी मौजूद रहे। द कोरिया टाइम्स समाचार पत्र के अनुसार येओल से पूछताछ मुख्यतः उनकी मार्शल लॉ की अल्पकालिक घोषणा पर केंद्रित है। यह घोषणा येओल ने तीन दिसंबर की रात की थी। इस बीच विपक्ष के तेवर देख यह घोषणा वापस ले ली



गई। विपक्ष ने मोर्चाबंदी कर नेशनल असेंबली की पूर्ण बैठक आहूत कर येओल के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव पेश किया। इस पर मतदान हुआ। मतदान में राष्ट्रपति को तगड़ा झटका लगा और महाभियोग प्रस्ताव पास हो गया। इसके बाद इसे संवैधानिक अदालत भेजा गया। संवैधानिक अदालत में मंगलवार को इस पर सुनवाई शुरू हो चुकी है।

यून सुक येओल हिरासत में लिये जाने वाले पहले मौजूदा कोरियाई राष्ट्रपति हैं। जांच अधिकारियों को 48 घंटों के भीतर यह निर्णय लेना होगा कि हिरासत में पूछताछ जारी रखने के लिए औपचारिक गिरफ्तारी वारंट दायर किया जाए या उन्हें रिहा कर दिया जाए। सीआईओ ने आज सुबह 10:33 बजे हिरासत वारंट निष्पादित किया। ।

सीआईओ ने कहा कि दोपहर 1:30 बजे तक पूछताछ के पहले सत्र में येओल ने बयान देने से इनकार कर दिया। इसलिए पूछताछ रिकॉर्ड नहीं की गई। अब सीआईओ के वरिष्ठ अभियोजक ली डे-ह्वान पूछताछ करेंगे। पूछताछ के बाद येओल को ग्योंगगी प्रांत के उइवांग में सियोल डिटेंशन सेंटर में रखे जाने की उम्मीद है। येओल पर मार्शल लॉ डिक्री के संबंध में विद्रोह का नेतृत्व करने और अपनी शक्ति का दुरुपयोग करने का आरोप है। उधर, राष्ट्रपति कार्यालय ने येओल की हिरासत के बाद के हालात पर चर्चा के लिए आपातकालीन बैठक आहूत की है।

# प्रचण्ड ने कहा-अब ओली सरकार की आयु अधिक नहीं

एजेंसी

**काठमांडू।** नेपाल के विपक्षी दलों की संयुक्त बैठक के बाद नेताओं ने प्रधानमंत्री केपी ओली और उनकी सरकार की आलोचना की है। प्रमुख विपक्षी नेता पुष्प कमल दहाल प्रचण्ड ने कहा कि अब ओली सरकार की आयु अधिक नहीं है।

माओवादी संसदीय दल के कार्यालय में आज पार्टी अध्यक्ष पुष्प कमल दहाल प्रचण्ड की अध्यक्षता में विपक्षी दलों की बैठक हुई। बैठक में माओवादी के अलावा एकीकृत समाजवादी पार्टी, राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी, राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी, नेपाल समाजवादी पार्टी और आम जनता पार्टी के प्रमुख नेताओं की उपस्थिति रही।बैठक में ओली सरकार द्वारा संसद की बैठक नहीं बुलाने और अध्यादेश के माध्यम से शासन करने का आरोप लगाया गया। साथ ही



सरकार के 6 महीना पूरा होने पर भी कोई बड़ी उपलब्धि नहीं होने का आरोप भी लगाया गया। प्रचण्ड ने कहा कि प्रधानमंत्री ओली के रवैये से सत्तारूढ़ दलों में असंतुष्टि चरम पर पहुंच गई है। नेपाली कांग्रेस के बड़े नेताओं का सरकार के विरोध में सार्वजनिक बयान आ रहा है। उसको देखते हुए सत्तारूढ़ गठबंधन में सबकुछ ठीक नहीं होने का स्पष्ट संकेत मिल रहा है। प्रचंड ने पत्रकारों को कहा कि ओली सरकार की आयु अब अधिक दिनों की नहीं बची है। ओली सरकार को अपदस्थ करने की कोई आवश्यकता नहीं है। प्रचंड ने कहा कि किसी भी समय नेपाली कांग्रेस ओली सरकार से समर्थन वापस ले सकती है। प्रचण्ड ने कहा कि नए सत्ता गठबंधन के लिए विपक्षी दलों के तरफ से नेपाली कांग्रेस को सरकार के नेतृत्व का खुला ऑफर दे दिया गया है। जिस दिन कांग्रेस पार्टी ओली सरकार से समर्थन वापस ले लेगी उसी दिन नया गठबंधन अस्तित्व में आ जाएगा। उन्होंने साफ किया कि ओली के साथ फिर से हाथ मिलने का सवाल ही खड़ा नहीं होता है। उन्होंने कहा कि जो गलती वो पहले दो बार कर चुके हैं वो इस बार नहीं करने वाले हैं।

## शेख हसीना की भतीजी ने दिया ब्रिटेन के वित्त मंत्री के पद से इस्तीफा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत में शरण पा रहीं बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना और उनके परिवार की दिक्कतें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। शेख हसीना की भतीजी ब्रिटेन की वित्त मंत्री ट्यूलिप सिद्दीकी को करारा झटका लगा है। उन्होंने ब्रिटेन के वित्त मंत्री से इस्तीफा दे दिया है। उनके स्थान पर लेबर पार्टी की सांसद एम्मा रेनाल्डस को नया वित्त मंत्री बनाया गया है। उधर बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुखिया मुहम्मद युनूस ने ब्रिटेन की सरकार से ट्यूलिप सिद्धीकी की संपत्तियों की जांच की मांग की है। साथ ही आरोप लगाए हैं कि अपदस्थ शेख हसीना द्वारा बांग्लादेश में किए गए कथित घोटाले की संपत्तियां ट्यूलिप सिद्दीकी के पास हो सकती हैं। शेख हसीना की बहन की बेटी ट्यूलिप सिद्दीकी ब्रिटेन में लेबर



पार्टी की सांसद हैं। उन पर पिछले दिनों भ्रष्टाचार के साथ ही लंदन स्थित उनकी संपत्तियों को लेकर पारदर्शिता नहीं बरतने के भी आरोप लगे थे। इन सभी आरोपों के चलते सांसद ट्यूलिप सिद्दीकी ने प्रधानमंत्री कीअर स्टार्मर को इस्तीफा भेजा था। उन्होंने इस्तीफे में लिखा कि जो भी उन पर आरोप लग रहे हैं, उनमे कोई दम नहीं हैं। उन्होंने अपने कार्य में पूरी पारदर्शिता बरती। साथ ही जो भी फैसले लिए उसमें वरिष्ठ अफसरों की राय भी ली। उसके बाद भी वित्त मंत्री पद से नैतिकता के आधार पर इस्तीफा दे रही हूं। उनके इस्तीफे को ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ने स्वीकार कर लिया।

## अल्बानीज ने चुनाव से पहले मंत्रिमंडल में फेरबदल की घोषणा की

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज़ ने आम चुनाव से पहले एक मंत्री के इस्तीफे के बाद गुरुवार को मंत्रिमंडल में फेरबदल की घोषणा की। श्री अल्बानीज ने राष्ट्रीय विकलांगता बीमा योजना (एनडीआईएस) और सरकारी सेवा मंत्री के रूप में बिल




शॉर्टन के अनुमानित इस्तीफे के बाद 'एक मजबूत, एकजुट और स्थिर कैबिनेट सरकार' के मंत्रालय में बदलाव की घोषणा की।उन्होंने बताया कि सामाजिक सेवा मंत्री अमांडा रिशवर्थ एनडीआईएस मंत्री के रूप में अतिरिक्त भूमिका निभाएंगी। जिसमें ऐनी एली एनडीआईएस मंत्री की सहायता करने वाली मंत्री बनेंगी। उन्होंने बताया कि वित्त मंत्री कैटी गैलाघेर भी सरकारी सेवा मंत्री बनने के लिए अतिरिक्त भूमिका निभाएंगी। यह श्री शॉर्टन के वर्तमान विभागों में से एक है। प्रधानमंत्री ने इसके अलावा वृद्ध देखभाल और खेल मंत्री अनिका वेल्स को कैबिनेट में पदोन्नत करने की घोषणा की। अगले कैनबरा में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जाएगा।

# इजरायल-हमास युद्धविराम समझौते पर पहुंचे, जो बाइडेन ने कहा- 'इसकी राह आसान नहीं रही'

एजेंसी

**वाशिंगटन।** इजरायल और हमास महीनों के गहन कूटनीतिक प्रयासों के बाद युद्धविराम और बंधक समझौते पर पहुंच गए हैं। अमेरिका, मिस्र और कतर की मध्यस्थता से हुए इस समझौते से गाजा में जारी हिंसा रुकेगी, फिलिस्तीनी नागरिकों को महत्वपूर्ण मानवीय सहायता मिलेगी और 15 महीने से अधिक समय से बंधक बनाए गए बंधकों को वापस लाया जाएगा। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने इस समझौते तक पहुंचने की चुनौतीपूर्ण राह पर विचार करते हुए कहा कि यह उनके लिए अब तक अनुभव की गई सबसे कठिन वार्ताओं में से एक थी।

जो बाइडेन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा, इस समझौते की राह आसान नहीं रही है। मैंने दशकों तक विदेश नीति में काम किया है, यह मेरे द्वारा अब तक अनुभव की गई सबसे कठिन



वार्ताओं में से एक रही है। हम इस बिंदु पर इसलिए पहुंचे हैं क्योंकि इजरायल ने अमेरिका के समर्थन से हमास पर दबाव बनाया है।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने इस समझौते के महत्व पर जोर दिया, जिसे पहले मई 2024 में प्रस्तावित किया गया था और बाद में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद द्वारा इसका समर्थन किया गया था। जो बाइडेन ने इस समझौते के मुख्य कारणों को बताया, जिसमें इजरायल की सैन्य कार्रवाईयों से हमास पर बढ़ा दबाव और क्षेत्रीय हालात में बदलाव शामिल हैं। उन्होंने कहा, यह न केवल हमास पर पड़ रहे अत्यधिक दबाव, लेबनान में युद्ध विराम और ईरान के कमजोर होने के बाद बदले क्षेत्रीय समीकरण का परिणाम है, बल्कि यह दृढ़ और अमेरिकी कूटनीति का भी परिणाम है।

युद्धविराम समझौते को गाजा में तबाही मचाने वाली हिंसा को समाप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में सराहा गया है। बाइडेन ने कहा, ÷इस खबर का स्वागत करते हुए, हम उन सभी परिवारों को याद करते हैं जिनके प्रियजन 7 अक्टूबर के हमास के हमले में मारे गए थे।

जो बाइडेन ने समझौते की सफलता का जश्न मनाते हुए, क्षेत्र में स्थायी शांति और सुरक्षा बनाने के लिए किए जा रहे निरंतर प्रयासों की पुष्टि की।

## जयपुर के मणिपाल हॉस्पिटल ने दुनिया की पहली रोबोटिक कार्डियक टेलीसर्जरी के साथ स्वास्थ्य सेवा में ऐतिहासिक छलांग लगाई

**श्रीगंगानगर।** राजस्थान की पहली रोबोटिक सर्जरी की सफलता के बाद, मणिपाल हॉस्पिटल जयपुर ने अब दुनिया की पहली रोबोटिक सहायता प्राप्त कार्डियक टेलीसर्जरी करके एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। यह उपलब्धि स्वास्थ्य सेवा को आगे बढ़ाने और भारत में अत्याधुनिक अत्याधुनिक चिकित्सा तकनीकों को पेश करने की दिशा में मणिपाल हॉस्पिटल के प्रयासों को दशार्ती है। अपने नेटवर्क में रोबोटिक सर्जरी का लाभ उठाकर, मणिपाल हॉस्पिटल क्रिटीकल केयर सेवा प्रदान करने के तरीके को बदल रहा है, यह सुनिश्चित कर रहा है कि रोगियों को उपचार में नवीनतम नवाचारों तक पहुँच मिले।टेलीसर्जरी मणिपाल हॉस्पिटल जयपुर में कार्डियक सर्जरी के प्रमुख डॉ. ललित आदित्य मलिक के नेतृत्व में की गई। अत्याधुनिक रोबोटिक सर्जिकल तकनीक का लाभ उठाते हुए. डॉ. मलिक और उनकी टीम ने ऑपरेशन की सफलता को सुनिश्चित किया, जिससे सटीक और जीवन रक्षक परिणाम प्राप्त हुए। 9 जनवरी को पहली सर्जरी के बाद, मणिपाल हॉस्पिटल, जयपुर ने 10 जनवरी को दूसरी सर्जरी भी की। दोनो ही ऑपरेशन पुर्ण रुप से सफल हुये व मरीज पूर्ण रुप से स्वस्थ है।मणिपाल हॉस्पिटल्स के एमडी और सीईओ श्री दिलीप जोस ने आभार व्यक्त करते हुए कहा, देश भर में हमारे अस्पतालों में रोबोटिक सर्जरी जैसी उन्नत तकनीकों को सम्मीलित करके, हमारा लक्ष्य पूरे भारत में स्वास्थ्य सेवा वितरण को बदलना है। हमारा मानना है कि स्वास्थ्य सेवा परिवर्तनकारी और सभी के लिए सुलभ होनी चाहिए। रोबोटिक कार्डियक टेलीसर्जरी में यह अग्रणी उपलब्धि एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है जो पूरे भारत में रोगियों को सर्वोत्तम चिकित्सा सेवा प्रदान करने के हमारे मिशन को उजागर करती है। यह मणिपाल हॉस्पिटल्स, राजस्थान और देश के पूरे स्वास्थ्य सेवा पारिस्थितिकी तंत्र के लिए गर्व का क्षण है क्योंकि हम नवाचार और रोगी केंद्रित स्वास्थ्य सेवा में अग्रणी बने हुए है।जयपुर में सर्जिकल टीम का नेतृत्व करने वाले मणिपाल हॉस्प्टिल जयपुर में कार्डियक सर्जरी कंसल्टेंट डॉ. ललितादित्य मलिक ने कहा, 59 वर्षीय श्री जगदीश प्रसाद और 56 वर्षीय श्री पवन कुमार की सफल रोबोटिक सहायता वाली टेलीसर्जरी दशार्ती है कि कैसे उन्नत तकनीक दूरियों को कम करके और सटीक, समय पर उपचार को सक्षम करके स्वास्थ्य सेवा में क्रांति ला रही है।

## फ्लिपकार्ट ने महा कुंभ में किया यूपी की समृद्ध विरासत का प्रदर्शन

**गुरुग्राम।** भारत के घरेलू ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट ने महा कुंभ मेला 2025 में राज्य की सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार के द्यएक जिला, एक उत्पादद्ध (ओडीओपी) विभाग से गठजोड़ किया है। प्रयागराज, उत्तर प्रदेश में 13 जनवरी से 26 फरवरी तक हो रहा महा कुंभ मेला 2025 दुनिया का सबसे बड़ा धार्मिक आयोजन है। महा कुंभ मेला में फ्लिपकार्ट समर्पित बूथ एवं स्टॉल्स के माध्यम से अन्य सांस्कृतिक प्रयासों के साथ-साथ ओडीओपी पहल को प्रदर्शित कर रही है। 2020 में ओडीओपी प्रोग्राम के साथ फ्लिपकार्ट की साझेदारी ने अब तक उत्तर प्रदेश में वंचित समुदायों को सशक्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। समर्पित माइक्रोसाइट की लॉन्चिंग, ऑनलाइन ट्रेनिंग और कारोबार को सस्टेनेबल तरीके से बढ़ाने के लिए जरूरी टूल्स से लैस करने के लिए स्किल इंडिया जैसी पहल से गठजोड़ करते हुए फ्लिपकार्ट ने स्थानीय कारीगरों एवं उद्यमियों का समर्थन किया है। फ्लिपकार्ट ग्रुप के चीफ कॉरपोरेट अफेयर्स ऑफिसर रजनीश कुमार ने कहा, उत्तर प्रदेश के ओडीओपी प्रोग्राम के साथ साझेदारी के माध्यम से हमने स्थानीय कारीगरों एवं एमएसएमई को उनका कारोबार बढ़ाने और उन्हें देशभर के ग्राहकों से जुड़ने में सक्षम बनाया है। हमारे ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस प्लेटफॉर्म पर उत्तर प्रदेश सरकार के ओडीओपी प्रोडक्ट्स में 60 प्रतिशत से ज्यादा की वृद्धि के साथ इस साझेदारी ने पूरे उत्तर प्रदेश के वंचित समुदायों को सशक्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। हम स्थानीय प्रतिभाओं को सशक्त करने और सांस्कृतिक परंपराओं को संरक्षित करने की दिशा में ओडीओपी जैसी पहल को आगे बढ़ाने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार के साथ सहयोग के लिए आभारी हैं।

महा कुंभ 2025 में फ्लिपकार्ट का स्टॉल कारीगरों, बुनकरों एवं एमएसएमई को देशव्यापी बाजार तक पहुंच प्रदान करते हुए उन्हें सशक्त करने और सतत आजीविका को बढ़ावा देने की फ्लिपकार्ट की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है। इन प्रयासों का उद्देश्य अद्वितीय शिल्प एवं उत्तर प्रदेश के विविधतापूर्ण उत्पादों को वैश्विक ग्राहकों तक पहुंचाना और स्थानीय समुदायों के आर्थिक विकास को समर्थन प्रदान करना है।

## होंडा मोटरसाइकिल एण्ड स्कूटर इंडिया ने लॉन्च की नई CB650R और CBR650R



**करनाल।** होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) ने अपनी प्रीमियम मोटरसाइकिल रेंज में दो नए मॉडल CB650R और CBR650R लॉन्च किए हैं। ये दोनों बाइक स्टाइल और परफॉर्मेंस का बेहतरीन मिश्रण पेश करते हुए मोटरसाइकिल प्रेमियों की अलग-अलग जरूरतों को पूरा करेंगी। ग्राहक अब इन नई बाइक्स को अपने नजदीकी बिगविंग डीलरशिप पर बुक कर सकते हैं। इनकी डिलीवरी फरवरी 2025 से शुरू होगी। होंडा के ये नए मॉडल निश्चित रूप से प्रीमियम बाइकिंग के क्षेत्र में एक नया बेंचमार्क स्थापित करेंगे। इस लॉन्च पर एचएमएसआई के मैनेजिंग डायरेक्टर, प्रेसिडेंट और सीईओ त्सुत्सुमु ओटानी ने कहा, हमें भारत में CB650R और CBR650R के नए एडिशन लॉन्च करने की खुशी है। भारत में प्रीमियम मोटरसाइकिल सेगमेंट तेजी से बढ़ रहा है, और हाई परफॉर्मेंस वाली, एडवांस्ड टेक्नोलॉजी से लैस बाइक्स की मांग बढ़ रही है। एचएमएसआई में हम ग्राहकों की इन आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए विश्व स्तरीय प्रोडक्ट्स लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) के सेल्स और मार्केटिंग डायरेक्टर योगेश माथुर ने कहा, उइ650फ और उइफ650फ को लॉन्च करते हुए हमें बेहद खुशी हो रही है। ये मोटरसाइकिलें उन प्रीमियम ग्राहकों के लिए बनाई गई हैं, जो बेहतरीन परफॉर्मेंस, एडवांस्ड तकनीक और स्टाइलिश डिजाइन को प्राथमिकता देते हैं। पहले से बुक की गई ठ500 की डिलीवरी इसी महीने (जनवरी 2025) से शुरू हो रही है। एचएमएसआई में हम बाइकिंग प्रेमियों की जरूरतों और इच्छाओं को समझते हैं। नई CB650R और CBR650R इन्हीं उम्मीदों को पूरा करने के लिए डिजाइन की गई हैं। इन बाइक्स की बुकिंग बिगविंग डीलरशिप पर शुरू हो चुकी है


**संरक्षक:** संजय शुक्ला,( सत्यम शिवम शुभम पीजी व लां कॉलेज टिकरी)

**सलाहकार संपादक:** रिजवान सैफ खान

**सह सपांदक:** मोहम्मद दानिश फारुकी ,

**सह संपादक:** राम सिंह यादव

उक्त सभी पद अवैतनिक है


# केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल के प्रयास से मिर्जापुर में मांडा लालगंज मार्ग का चौड़ीकरण सुंदरीकरण कार्य

### मांडा लालगंज मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुंदरीकरण का कार्य लंबाई 3.500 कि0मी0, 473.84 लाख लागत स्वीकृत

**मिर्जापुर।**

अपना दल एस की राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री स्वास्थ्य परिवार कल्याण एवं रसायन उर्वरक तथा जनपद की लोकप्रिय सांसद श्रीमती अनुप्रिया पटेल के प्रयासों के उपरांत जनपद मिर्जापुर में मांडा लालगंज मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुंदरीकरण कार्य की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान हुई। अनु सचिव उत्तर प्रदेश शासन अभय प्रताप श्रीवास्तव ने महामहिम राज्यपाल महोदया के निर्देश के अनुसार जिला मार्गों के उच्चीकरण के नए कार्यों की व्यवस्था योजना अंतर्गत जनपद मिर्जापुर में मांड़ा लालगंज मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुंदरीकरण लंबाई 3.500 किलोमीटर कार्य की 5 वर्षीय अनुरक्षण सहित लागत 4 करोड़ 73 लाख 84 हजार की प्रशासकीय एवं वित्तीय सुकृति प्रदान करते हुए लागत



के सापेक्ष वित्तीय वर्ष 2024-25 में कुल धनराशि 03 करोड़ 79 लाख 07 हजार हेतु शर्तों प्रबंधन सहित अवमुक्त किए जाने की स्वीकृति प्रदान की गई है। अनु सचिव उत्तर प्रदेश शासन अभय प्रताप श्रीवास्तव ने अपने जारी आदेश के तहत बताया है कि मिजार्पुर प्रखंड जनपद मिजार्पुर में मांडा लालगंज मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुंदरीकरण का कार्य लंबाई 3.500 कि0मी0, स्वीकृत लागत 473.84 लाख प्रदान की गई है।

जिस पर केंद्रीय मंत्री ने मुख्यंत्री का धन्यवाद देते हुए कहा कि उनके द्वारा जनपद वासियों को अपना आशीर्वाद देते हुए लालगंज, इलाहाबाद मध्य प्रदेश और अन्य प्रदेशों को जाने के लिए सुदूर व्यवस्था होगी और यह मील का पत्थर साबित होगा।

उन्होंने कहा कि गरीब कल्याण की जितनी भी योजनाएं चली है वह बड़े पैमाने पर देश में आधारभूत संरचनाओं विकास हुआ। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि सड़के, हाईवे, पुल, एयरपोर्ट, रेलवे, नेटवर्क यह सब कुछ बना। उन्होंने कहा कि मोदी जी के तीसरे कार्यकाल में हम तीन गुना तेजी से कार्य करेंगे, जनता गरीबों, मतदाताओं के कल्याण के लिए हम सरकार हम कार्य करेंगे । उन्होंने कहा कि हमारी सरकार तीसरी बार तेज गति से कार्य करने का संकल्प ले चुकी है और आपने मुझे भी तीसरी बार अपना सांसद चुना है और मिजार्पुर के नाम पर जो धब्बा था कि तीसरी बार लगातार यहां से कोई संसद चुनाव नहीं जीता है और इसके लिए मिजार्पुर के मतदाताओं का आभार व्यक्त करना चाहती हूं कि आपने तमाम भ्रम और अफवाहों के ऊपर अपना वोट देने के लिए सिर्फ और सिर्फ मिजार्पुर के विकास को चुना है और इसलिए तीसरी बार अनुप्रिया पटेल को चुना है, तीसरी बार मेरी सरकार को चुना है मिजार्पुर की विकास यात्रा इस प्रकार आगे बढ़ेगी जैसे 10 वर्षों में आपकी सासंद के रूप में मोदी जी की सरकार में मंत्री के रूप में मैंने तमाम विकास परियोजनाएं जनपद में लाने का काम किया है, और इस तरह आगे भी जनपद में विकास की गति बढ़ाने के लिए पूरी तरह से प्रयासरत रहूंगी।

# दिल्ली चुनाव में आप को समर्थन का मतलब कांग्रेस का विरोध नहीं : अखिलेश यादव

**लखनऊ ।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने गुरुवार को लखनऊ में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी का द?ल?ली में आप को समर्थन का मतलब यह नहीं है क? हम कांग्रेस के विरोध में खड़े हैं।

उन्होंने कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी चुनावी लड़ाई में नजर आ रही है। इंडिया गठबंधन में पहले भी इस मुद्दे पर चर्चा हो चुकी है कि जो क्षेत्रीय दल जहां मजबूत होगा, वहां उसको समर्थन दिया जाएगा।

अखिलेश यादव ने अभिनेता सैफ अली खान पर हुए हमले की निंदा करते हुए कहा कि हमें उम्मीद है कि सैफ अली खान जल्द स्वस्थ हो जाएंगे। इसके पीछे क्या कारण



है और किस कारण से यह हुआ, ये जांच का विषय है।

मिल्कीपुर उपचुनाव को लेकर अखिलेश यादव ने कहा कि वहां हमारा प्रत्याशी पीडीए का प्रतिनिधि है। मुझे उम्मीद है कि चुनाव आयोग पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से चुनाव कराएगा। मिल्कीपुर की जनता ने भाजपा को हराने का मन बना लिया है। किसान, महिला और व्यापारी भाजपा को हराने जा रहे हैं। पीडीए का उम्मीदवार जनता की पहली पसंद है। यह चुनाव भाजपा के लिए सबक होगा।

अखिलेश यादव ने अयोध्या के किसानों के हक में आवाज उठाते हुए कहा कि अयोध्या के किसानों की जमीन छीनकर भाजपा मुनाफाखोरी कर रही है। किसानों को 6 गुना मुआवजा मिलना चाहिए। गरीब किसानों को उनकी जमीन का बाजार दर पर उचित मूल्य मिले, विकास हो, लेकिन किसानों के अधिकार न छीने जाएं। उन्होंने आगे कहा कि किसान की आस्था प्रभु श्री राम में है, लेकिन उनके अधिकार भी सुरक्षित रहें। हमारी पार्टी किसानों के मुद्दे विधानसभा और लोकसभा में उठाएगी। भाजपा के मुनाफाखोरी और अन्याय के खिलाफ जनता एकजुट है। मिल्कीपुर उपचुनाव में किसानों की आवाज पीडीए के साथ है। ऐसे में भाजपा की हार तय है।

## मुरादाबाद : छजलैट मामले में सत्र न्यायालय ने खारिज की आजम खान की अपील, सजा बरकरार

**मुरादाबाद।** समाजवादी पार्टी के नेता आजम खान की छजलैट मामले में की गई अपील को मुरादाबाद की एमपी/एमएलए अदालत ने गुरुवार को खारिज कर दिया। उनके बेटे अब्दुल्ला आजम की याचिका अभी लंबित है।

जिला एवं सत्र न्यायालय के एडीजे-5 एमपी/एमएलए कोर्ट ने आजम खान को सुनाई गई दो साल की सजा के मामले में की गई उनकी अपील को खारिज कर दिया। न्यायाधीश ने उनकी अपील को खारिज करते हुए सजा को बरकरार रखा और अपर न्यायालय के आदेश को भी कायम रखा।

एमपी/एमएलए कोर्ट के विशेष लोक अभियोजक मोहन लाल बिश्नोई ने बताया, "आज आजम खान की मामले में सुनवाई थी। इस मामले में उन्हें दो साल की सजा सुनाई गई थी। न्यायालय में आजम खान की अपील खारिज कर दी गई। यह मामला छजलैट थाना का था, जहां इन दोनों ने जाम लगाया था। इसमें आजम खान और



अब्दुल्ला आजम दोनों की याचिकाएं दायर की गई थीं। यह फैसला आजम खान की याचिका पर आया है। अब्दुल्ला आजम की याचिका अभी लंबित है।"

उल्लेखनीय है कि साल 2008 में मुरादाबाद के छजलैट थाने में एक मामला दर्ज हुआ था, जिसमें समाजवादी पार्टी के नौ नेताओं को आरोपी बनाया गया था। इसमें आजम खान और उनके बेटे अब्दुल्ला खान भी शामिल थे। अदालत ने मामले की सुनवाई के बाद आजम खान और अब्दुल्ला खान को दोषी ठहराया था, जबकि बाकी आरोपियों को निर्दोष करार दिया गया जिनमें अमरोहा के सपा विधायक महबूब अली, पूर्व सपा विधायक हाजी इकराम कुरैशी (जो अब कांग्रेस में हैं), बिजनौर के सपा नेता मनोज पारस, सपा नेता डीपी यादव, सपा नेता राजेश यादव और सपा नेता रामकुंवर प्रजापति शामिल थे।

## कमरे में फंदे से लटका मिला शव, दोनों पैर खा गए कुत्ते; देखकर पुलिस के भी रोंगटे खड़े हो गए

**राष्ट्रीय शान**

**गाजियाबाद ।** नंदग्राम में फंदे पर लटके मिले शव को कुत्ते खा गए। घटना स्थल पर पुलिस अधिकारी पहुंचे तो शव की हालत को देखने के बाद वे भी हिल गए। जानकारी के अनुसार नंदग्राम स्थित डबल टंकी मोहल्ला के मकान से दुर्गंध आने पर आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मकान का गेट खोलकर देखा तो मकान मालिक हंसराज (55) का शव फांसी पर लटका था। शव में दुर्गंध आ रही थी। शव के दोनों पैरों की हड्डी दिख रही थी और मांस गायब था। आसपास के लोगों ने बताया कि कई दिनों से इस घर में कुत्ते घूम रहे थे।

कुत्तों का मुंह जहां तक पहुंचा, वहां तक शव को नोच लिया।

# ग्रीनलैम इंडस्ट्रीज ने करनाल में मिकासा फ्लोर्स के लिए अपना पहला विशेष डिस्प्ले सेंटर लॉन्च किया

**करनाल :** 120 से ज्यादा देशों में लकड़ी के एकीकृत पैनल और ग्राहकों को विस्तृत सर्फेसिंग एवं सब्सट्रेट सॉल्यूशंस प्रदान करने वाली, ग्रीनलैम इंडस्ट्रीज ने हाल ही में करनाल, हरियाणा में मिकासा फ्लोर्स के लिए अपने विशेष डिस्प्ले सेंटर का लॉन्च किया। हरियाणा के करनाल में इंद्री रोड पर सलारू गांव के पास चौधरी मार्बल्स में स्थित यह सेंटर ग्राहकों को मिकासा फ्लोर्स की विशेष रेंज और सीढ़ी समाधानों की प्रीमियम रेंज पेश करेगा।यह नया शोरूम इनोवेटिव और सस्टेनेबल फर्श एवं सीढ़ी समाधान ग्राहकों के नजदीक उपलब्ध कराने की मिकासा फ़्लोर की प्रतिबद्धता प्रदर्शित करता है। इस कार्यक्रम में चौधरी मार्बल्स के प्रोपरायटर, श्री संजय चौधरी उपस्थित थे। उन्होंने ग्रीनलैम इंडस्ट्रीज लिमिटेड में डेकोरेटिव वुड एंड अलाइड के कंट्री सेल्स हेड, श्री एम पी राजा प्रसाद की मौजूदगी में शोरूम का उद्घाटन किया।इस विशेष शोरूम में मिकासा फ़्लोर के प्रीमियम इंजीनियर्ड लकड़ी के फर्श और सीढ़ी समाधानों का विशाल संग्रह उपलब्ध होगा। यहाँ पर घर के मालिक, वास्तुकार और ठेकेदार आवासीय और वाणिज्यिक स्थानों की आंतरिक सज्जा बढ़ाने के लिए बनाए गए मिकासा फ़्लोर के विस्तृत उत्पाद देख सकेंगे। उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य वास्तुकारों, ठेकेदारों, ओ ई एम भागीदारों और ग्राहकों समेत 500 से ज्यादा गणमान्य लोगों ने हिस्सा लिया, जिससे करनाल में डिजाइन और कंस्ट्रक्शन बिरादरी में इस शोरूम के लॉन्च का महत्व प्रदर्शित होता है। ग्रीनलैम इंडस्ट्रीज का वुडन फ्लोरिंग ब्रांड, मिकासा फ्लोर्स विभिन्न रंगों, बनावट और किस्मों में इंजीनियर्ड लकड़ी के फर्श समाधानों का विस्तृत संग्रह प्रदान करता है, ताकि बिना किसी कमी के वास्तविक लकड़ी की विश्वसनीय सुंदरता मिल सके। मिकासा फ्लोर्स में असली कठोर लकड़ी, एक स्थिर कोर और एक संतुलन परत से बनी तीन परतें शामिल हैं, ताकि ये हर मौसम को झेल सकें, और फूलें या सिकुड़ें नहीं।

इंजीनियर्ड लकड़ी के ये फर्श आधुनिक तकनीक-प्लैंकलॉक द्वारा बने हैं, जिसके द्वारा इंजीनियर्ड लकड़ी के फर्श को आसानी और तेजी से स्थापित किया जा सकता है, हटाया जा सकता है और फिर से स्थापित किया जा सकता है। ये खरोंच-प्रतिरोधी, दाग-प्रतिरोधी और रखरखाव में आसान हैं,

## सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा में कई विभागों कक सुधार के निर्देश




**कन्नौज।** जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में मुख्यमंत्री की सर्वोच्च विकास प्राथमिकता कार्यक्रम (सीएम डैश बोर्ड) के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई।

जिलाधिकारी ने समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने-अपने विभाग से सम्बन्धित योजनाओं में व्यक्तिगत ध्यान देते हुए प्रगति बढ़ाये। सभी अधिकारी सी0एम0 डैशबोर्ड पोर्टल पर अपने विभागीय प्रपत्रों का अवलोकन करते हुए विभाग से सम्बन्धित रैंक में आपेक्षित सुधार लाए, जिससे जिले की रैंकिग और बेहतर हो सके। सी0एम0 डैशबोर्ड पर डाटा फीडिंग कार्य को अद्यतन रखा जाए।

जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिये कि जनपद के सरकारी व निजी चिकित्सालयों का बायोमेडिकल बेस्ट कूडे में न डाला जायें इसका निस्तारण संबधित फर्म द्वारा कराया जायें। एम्बुलेंस 108 व 102 मरीजों के पास समय से पहॅुचना चाहिए। बायो मेडिकल का रख-रखाव पर विशेष ध्यान दिया जाये। उन्होनें अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्देश देते हुए कहा कि विद्युत बिल त्रुटि में सुधार लाया जायें, बिजली चोरी को अभियान चलाकर रोका जायें। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिये कि अण्डा उत्पादन की बढोत्तरी हेतु नयी इकाईयों को बढ़ाया जाये। पात्र लाभार्थियों का चयन कर योजना से लाभान्वित किया जाये। मत्स्य संपदा योजना के अन्तर्गत मछली पालन से जुड़े लोगों को योजनाओं से लाभान्वित किया जाये। नदियों में होने वाले मत्स्य पट्टा आवंटन पर विशेष ध्यान दिया जाये। जिला समाज कल्याण अधिकारी मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के पात्र इच्छुक लाभार्थियों के आवेदन अभी से कराये। लोगों की सुविधा हेतु विवाह स्थल क्षेत्रवाइज लोकेशन भी निर्धारित करें। लाभार्थियों का भुगतान भी समय से किया जाये। फैमिली आईडी बनाने में विशेष फोकस किया जाये और लंबित आवेदनों का निस्तारण भी समय से किया जाये।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी राम कृपाल चौधरी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 स्वदेश गुप्ता, जिला विकास अधिकारी नरेन्द्र देव द्विवेदी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी वीर सिंह सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## महाकुंभ 2025 – छह दिन में सात करोड़ श्रद्धालुओं ने किया स्नान



**महाकुंभ नगर, ।** गंगा, यमुना और सरस्वती के पवित्र संगम में श्रद्धा और आस्था से ओत-प्रोत साधु-संतों, श्रद्धालुओं, कल्पवासियों, स्नानार्थियों और गृहस्थों का स्नान नए रिकॉर्ड स्थापित कर रहा है। गत 11 जनवरी से 16 जनवरी के बीच महज छह दिन के अंदर अब तक सात करोड़ से ज्यादा लोगों ने संगम त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगाई है।

गुरुवार को 30 लाख से ज्यादा लोगों ने संगम में पवित्र स्नान कर पुण्य फल की प्राप्ति की। उल्लेखनीय है कि योगी सरकार का अनुमान है कि इस बार महाकुंभ में 45 करोड़ से ज्यादा लोग आने वाले हैं। महाकुंभ की शुरूआत में ही सात करोड़ लोगों का स्नान करना इसी ओर इशारा कर रहा है।

प्रयागराज में कड़ाके की ठंड के बावजूद श्रद्धालुओं के जोश और उत्साह में कोई कमी नहीं दिख रही है। देश और दुनिया से पवित्र त्रिवेणी में श्रद्धा और आस्था के साथ डुबकी लगाकर पुण्य प्राप्त करने के लिए श्रद्धालु प्रतिदिन लाखों की संख्या में प्रयागराज पहुंच रहे हैं। गुरुवार को ही शाम छह बजे तक प्राप्त जानकारी के अनुसार 30 लाख से ज्यादा लोगों ने त्रिवेणी संगम में स्नान कर लिया। इसमें 10 लाख कल्पवासियों के साथ-साथ देश-विदेश से आए श्रद्धालु एवं साधु-संत शामिल रहे। पूरे महाकुम्भ मेला क्षेत्र में भक्तों का तांता लगा रहा। देश के विभिन्न प्रांतों से आए स्नानार्थियों, श्रद्धालुओं और विश्व के अनेक देशों से आए श्रद्धालुओं ने पवित्र संगम में स्नान किया। पूरे देश की विविध संस्कृतियों की झलक महाकुंभ नगर में देखने को मिल रही है।

महाकुंभ से पहले 11 जनवरी को लगभग 45 लाख लोगों ने स्नान किया तो वहीं 12 जनवरी को 65 लाख लोगों के स्नान करने का रिकॉर्ड दर्ज हुआ। इस तरह महाकुंभ से दो दिन पहले ही एक करोड़ से ज्यादा लोगों ने स्नान का रिकॉर्ड दर्ज कर लिया। महाकुम्भ के पहले दिन पौष पूर्णिमा के स्नान पर्व पर 1.70 करोड़ लोगों ने स्नान कर रिकॉर्ड बनाया तो अगले दिन 14 जनवरी को मकर संक्रांति अमृत स्नान के अवसर पर 3.50 करोड़ लोगों ने संगम में श्रद्धा के साथ डुबकी लगाई।

महाकुम्भ के पहले दो दिनों में 5.20 करोड़ से ज्यादा लोगों ने आस्था की डुबकी लगाई। इसके अलावा, 15 जनवरी को महाकुंभ के तीसरे दिन 40 लाख और 16 जनवरी को शाम 6 बजे तक 30 लाख लोगों ने संगम स्नान किया। इस तरह, स्नानार्थियों की संख्या ने सात करोड़ को पार कर गई।

## एसपी रंजीता शर्मा का बड़ा प्रशासनिक फेरबदल, 10 सीआई और 9 एसआई का हुआ तबादला



**दौसा।** एसपी रंजीता शर्मा ने 10 सीआई और 9 एसआई का तबादला किया है। इनमें से कई सीआई व एसआई दूसरे जिलों से ट्रांसफर होकर आए हैं, जिन्हें थानों में इंचार्ज लगाया गया है। इनमें सुधीर उपाध्याय को दौसा कोतवाली थाना प्रभारी लगाया है।

इसी तरह प्रेमचंद को दौसा महिला थाना प्रभारी, रविन्द्र सिंह को थाना प्रभारी दौसा सदर, सुरेश कुमार को एसपी ऑफिस में अपराध सहायक, कमलेश मीणा को थाना प्रभारी मंडावर, राजेन्द्र मीणा को थाना प्रभारी महवा, श्रीकिशन लाल मीणा को थाना प्रभारी लालसोट, संजय पूनिया को साइबर थाना प्रभारी, चौधरी को थाना प्रभारी सिकंदरा, जहीर अब्बास को थाना प्रभारी बांदीकुई लगाया गया है।


सबसे तेज प्रयागराज, मुद्रक, प्रकाशक, स्वामी संपादक हनुमान प्रसाद शुक्ल द्वारा विपिन इंटरप्राइजेस 1/6सी/1 मास्टर जरूहुल हसन रोड़, कटरा, प्रयागराज से मुद्रित कराकर, करीमुददीनपुर पोस्ट अटरामपुर नवाबगंज प्रयागराज से प्रकाशित। मो नं. 9452842169। इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आ.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद का निपटारा इलाहाबाद न्यायालय में होगा। आपत्तियां एक सप्ताह के अंदर ही स्वीकार की जाएगी। समाचार पत्र की जिम्मेदारी लेखक व संवाददाता की होगी